# जिला पंचायत सभागार में धरने पर बैठे सदस्य

**प्रशासन के वादा के खिलाफी पर दिखाया आक्रोश, रेत व कोल परिवहन का उठाया मुद्दा, अनिश्चित कालीन चलेगा धरना**

**सिंगरौली।** प्रशासन के वादा खिलाफी को लेकर जिला पंचायत के एक दर्जन सदस्य जिला पंचायत सभागार में आज दिन मंगलवार को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर बैठ गये हैं। रेत व कोल परिवहन सहित विभिन्न मांगों को लेकर अड़े हुये हैं। इस धरना प्रदर्शन के चलते जिला पंचायत के अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

गौरतलब है कि जिला पंचायत के सदस्य कमलेन्द्र सिंह चन्देल व अशोक सिंह पैगाम के अगुआई में जिला पंचायत सभागार में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन को लेकर सदस्य बैठ गये हैं। सदस्यों का विरोध है कि जिला पंचायत की बैठक में जो एजेंडा आता है। उन एजेंडों पर अधिकारियों से बात होती है। एजेंडो को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन करने की बात कही जाती है ।बैठक के दौरान अधिकारी हामी भरते हैं। लेकिन बैठक होने के बाद सभी एजेंडों के मुद्दों को पूरी तरीके से भुला दिया जाता है। जिला प्रशासन ने



अंधेर गर्दी का आलम इस कदर भरा कि जिला पंचायत के सदस्यों की कही भी सुनवाई नही हो रही है। सदस्यों ने कहा कि आमजनता हमे चुनकर प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी दी है। ताकि जनता का सही तरीके से कार्य हो सके। लेकिन यहां तो जब जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नही हो रही है तो आमजनता की समस्या कैसे सुनी जाएगी। आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। लोग काल के गाल में समा रहे हैं। घरों के चिराग बूझ रहे हैं। इस मसले पर प्रशासन कुम्भकरणीय निद्रा में सो रहा है। सिंगरौली की रेत कई राज्यों में जा रही है। अगर गांव की जनता नदी से एक-दो टाली रेत निकालती है। ताकि अपना घर बना सके तो खनिज विभाग व पुलिस कार्रवाई करती है। जबकि रेत माफिया एक-दो टाली बालु उठाने वाला नही है। रेत माफिया तो जो सिंगरौली कि रेत महंगे दामों में बेचकर पैसा कमा रहा है। वह माफिया है। सिंगरौली प्रशासन पूरी तरीके से बेलगाम हो चुका है। धरना में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना नागेन्द्र सिंह सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### कलेक्टर आएंगे तभी होगा धरना बन्द

एक दर्जन से ऊपर जिला पंचायत सभागार में धरने पर बैठे सदस्यों ने कहा कि सड़क दुर्घटना बन्द करो, रेत खनन चिन्हित स्थान पर ही हो, आम जनता को सस्ते दर पर रेत उपलब्ध हो, जिले में पानी की समस्या बनी है, निजात दिलाईए, बेलगाम कोल परिवहन बन्द हो, मजदूरों को रोजगार दिलाई जाए, बाईपास व फोरलेन सड़क निर्माण कराया जाए इन मुद्दो को लेकर जिला पंचायत के सदस्य जिला पंचायत के सभागार में बैठे हुये हैं। सदस्यों का कहना है कि अब बहुत हो गया। एजेंडे के सवाल पर जवाब नही मिलता। जमीनी स्तर काम नही दिख रहा है। जब तक सही आश्वासन नही मिलेगा तब तक यह धरना प्रदर्शन सभागार में अनिश्चित काल चलता रहेगा। सदस्यों ने यह भी कहा कि कलेक्टर जब जिला पंचायत में आकर आश्वासन देंगे तभी यह धरना बन्द होगा।

### सदस्यों ने एजेंडा 5 का किया जिक्र

जिला पंचायत सभागार में धरने पर बैठे सदस्यों ने जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन की बैठक की जिक्र करते हुये कहा कि बैठक में एजेंडा क्रमांक 5 में खनिज विभाग गोण खनिज स्वीकृति की क्षेत्रवार स्थिति शिकायतों पर कार्रवाई की जानकारी जिला खनिज अधिकारी द्वारा जिले में संचालित रेत खदानों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल सुविधाओं से जानकारी मांगी गई थी। जिसमें कहा गया था कि कितनी शिकायतें आई और कितना निराकरण हुआ। विकासखण्ड वार किस क्षेत्र में रेत की कितनी खदाने संचालित हैं। यह खदाने सही जगह पर रेत खनन कर रही हैं कि नही। विधिवत जानकारी मांगी गई थी। लेकिन अधिकारियों के द्वारा सही जानकारी तो दी गई। लेकिन रेत माफिया चिन्हित स्थानों पर रेत का खनन न कराके अन्यंत्र रकवे में खनन कराकर सिंगरौली का पैसा लूट रहा है।

# बेहतर शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी : विश्वामित्र



**सिंगरौली।** विद्यालयों में विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा मिले एवं विद्यालयों में पठन-पाठन, छात्राओं को घर से विद्यालय आने-जाने एवं बेहतर शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। उक्त आशय के विचार मुख्य अतिथि विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने शा.कन्या उमावि देवसर में आयोजित नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए।

शा.कन्या उमावि देवसर में साइकिल वितरण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यालय के प्राचार्य कमलेंद्र द्विवेदी द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की कक्षावार जानकारी कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 307 छात्राओं में 236 को साइकिल वितरण की जानकारी दी गई तथा विद्यालय में आवश्यक कार्यों मांगो से अवगत कराया। क्षेत्रीय विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के सभी विद्यालयों में अच्छी शिक्षा व्यवस्था के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। पाठ्य-पुस्तक साइकिल से लेकर आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराएं जाएंगे। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को सावधानी से साइकिल चलाने की एवं अच्छे से पठन-पाठन करने की सलाह दी। विद्यालय की आवश्यकताओं मांगो के संबंध में मुख्य अतिथि ने मंच के ऊपर एवं मंच के बगल में टीन शेड, साइकिल स्टैंड, विद्यालय भवन की छत पर शेड सहित कक्ष एवं प्रांगण में पीसीसी का कार्य स्वीकृत कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुखदेव सिंह बीईओ, अरुण चतुर्वेदी एसडीओ जनपद पंचायत, राजेंद्र द्विवेदी बीपीओ, उदयभान पाठक स्वक्षता प्रभारी, विद्यालय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहे।

# हिमांशु का आईआईटी में चयन, समिति ने किया सम्मान

**सिंगरौली।** हाउसिंग बोर्ड वेलफेयर सोसाइटी, पचखोरा वार्ड क्रमांक 30 में निवासरत मोहनदास गुप्ता देवसर के सुपुत्र हिमांशु गुप्ता का चयन आईआईटी चेन्नई में होने पर रहवासी समिति के लोगों ने स्वागत सम्मान किया गया है। संरक्षक अमित द्विवेदी ने हिमांशु का स्वागत पुष्पहार एवं मिठाई खिलाकर किया। श्री द्विवेदी ने बताया कि हिमांशु की लगातार मेहनत एवं लगन के साथ-साथ उनके परिजनो ने भी बच्चे की पढ़ने के लिए तन-मन-धन से पूरी कोशिश की है। रहवासी कॉलोनी के बच्चे के लिए हिमांशु आदर्श के रूप में आईआईटी पास करके उदाहरण प्रस्तुत किया है। हम सबके लिए गौरव की बात है। उक्त अवसर पर



वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष केके तिवारी सचिव तारेश गुप्ता, आशीष सिंह, राजनारायण खैरवार, बीएम पनिका, अंकित कुमार, महिपाल श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह गोड़, मेवालाल केवट सहित कई रहवासी समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# अपर कलेक्टर ने की 95 आवेदन पत्रों पर जन सुनवाई

**सिंगरौली।** आज दिन बुधवार को अपर कलेक्टर अरविंद झा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आए 95 आवेदको के द्वारा अपनी समस्याओं से अपर कलेक्टर को अवगत कराते हुये अपना आवेदन दिया गया। अपर कलेक्टर के द्वारा सभी आवेदको से उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चत जन सुनवाई में मौजूद अधिकारियों से कई आवेदको की समस्याओं का त्वारित निराकरण कराया गया। साथ ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हो सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी आवेदको से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण करायें। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी, अरविंद द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अदाणी इंटरप्राईजेज सीएसआर पुरस्कारों से हुआ सम्मानित

**मझौली पाठ आदिवासियों की बस्ती बासी में सौर ऊर्जा की सौगात**

**सिंगरौली।** अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं।

भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं जो नवाचार, स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज को



शुक्रवार को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। कंपनी को स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में समुदायों, व्यक्तियों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए मान्यता मिली। अदाणी फाउंडेशन ने म.प्र. के जिले के दूरदराज के मझौली पाठ पंचायत स्थित घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरी आदिवासियों की बस्ती बासी में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग स्थापित की। अदाणी एंटरप्राइजेज की सीएसआर टीम के प्रवक्ता ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा ये पुरस्कार लोगों और समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण है। हम एक सकारात्मक और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे। अदाणी इंटरप्राईजेज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्व लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे अभिनव कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेगा। जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव हो।

# अवैध रेत परिवहन करते ट्रेक्टर को चौकी सासन पुलिस ने किया जप्त



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में निरीक्षक अशोक सिंह परिहार थाना प्रभारी बैढ़न के मार्गदर्शन में मिली कामयावी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिन मंगलवार 3 दिसम्बर को चौकी सासन पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम हर्रहवा रेड़ नदी से एक व्यक्ति बिना नम्बर का ट्रैक्टर ट्रक स्टार 450 नीले रंग ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लेकर ग्राम सासन तरफ जाने वाला है। मुखबिर से प्राप्त सूचना पर हमराह स्टाफ के ग्राम हर्रहवा गोहवइया नाला पहुंचकर रेड कार्यवाही किया जाकर आरोपी चालक संदीप कुमार शाह पिता महाबीर शाह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम मकरोहर के कब्जे से एक अदद बिना नम्बर का ट्रेक्टर ट्रक स्टार 450 नीले रंग मय ट्राली के जिसकी ट्राली में रेत लोड कीमती 505000 रूपए मिलने पर मौके पर जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया एवं आरोपी चालक के विरुद्ध धारा 303(2) 317(5) मा.न्या.सं. 4/21 खान, खनिज, अधिनियम 1952 के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई में उनि प्रियंका मिश्रा, प्रआर सुरेन्द्र पाण्डेय, अमित जायसवाल, बलराज सिंह, आर राज कुमार साक्य, जितेन्द्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# छात्रावास के छात्राओं को वितरित की गई टोपी



**सिंगरौली।** 2 दिसम्बर को कन्या शिक्षा परिसर सिंगरौली में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ल के निर्देश के पालन में एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिंगरौली राजेशराम गुप्ता के मार्गदर्शन में परिसर में आवासीय अध्ययनरत कुल 359 छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए अतिरिक्त व्यवस्था के अंतर्गत सभी छात्राओं को टोपी प्रदाय किया गया। सभी छात्राओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई ।साथ ही संस्था प्रभारी एवं सभी विद्यालय परिवार के शिक्षक द्वारा कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# उत्साह के साथ राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस

**भौतिक रूप से ही नही आर्थिक, सामाजिक रूप से भी दिव्यांग जनों को किया जायेगा सशक्त : राज्यमंत्री**

**सिंगरौली।** भौतिक रूप से ही नही आर्थिक सामाजिक रूप से भी दिव्यांग जनों को शसक्त बनाया जायेगा। उक्त आशय का उद्बोधन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री राधा सिंह मंत्री मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा दिया गया। उपस्थित दिव्यांग जनों एवं आमजन मानस को संबोधित करते हुये राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने कहा कि भारत में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 दिव्यांगों के कल्याण और उन्हें समर्थ एवं सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। यह कानून समाज में उनके समावेशन को प्रभावी बनाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। वही सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा दिव्यांग जनो के समंग्र विकास के लिए एवं इनके जीवन स्तर का उपर उठाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर दिव्यांगो लाभान्वित किया जा रहा है। इसके साथ ही कई सामाजिक संगठनों द्वारा भी दिव्यांग के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हम सब शपथ ले कि दिव्यांगों के हौसले को नई उचाईयों तक पहुचाने के लिए आगे आकर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी अजय मिश्रा, रोजगार अधिकारी सीमा बर्मा, डीडीआरसी के अध्यक्ष एसडी सिंह, वरिष्ट समाजसेवी एवं विभिन्न एनजीओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आरटीओ व यातायात पुलिस का स्कूलों में चला संयुक्त अभियान



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में स्कूल वाहनों का जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर एवं यातायात थाना प्रभारी विद्या वारिधी तिवारी द्वारा यातायात पुलिस टीम के साथ किया गया औचक निरीक्षण ।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की जागरुकता के लिए लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है। जिस तारतम्य में आज दिन मंगलवार 3 दिसम्बर को जिला परिवहन सिंगरौली और यातायात पुलिस द्वारा इन्द्राचौक, पुराना यातायात तिराहा, सेन्ट जोसेफ स्कूल तिराहा, राजीव चौक, निगाही मोड, जंयत बस पड़ाव पर अलग-अलग टीम लगाया जाकर 35 से अधिक स्कूल बस/मैजिक/वैन/ऑटो की संघन जॉच की गई। जिसमे शासन द्वारा स्कूली बच्चों के परिवहन एंव स्कूली वाहनों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किए जाने वाले वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई एंव शासन के दिशा-निर्देशो का पालन किए जाने की समझाइस दी गई एवं एक बस बिना फिटनेस में पाए जाने के कारण जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जप्त कर कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर यातायात प्रभारी निरीक्षक विद्या वारिधी, सउनि शिवेंद्र सिंह, प्रआर पुष्पेन्द्र, आर रूपेश, व्योम तिवारी परिवहन विभाग एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

# देवसर विधायक ने एक साल के कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

**सीएम राईज गोण खनिज परियोजना के साथ विधानसभा में बिछा सड़को का जाल**

**सिंगरौली**

देवसर विधायक के एक साल का कार्यकाल नवंबर माह में पूरा हुआ। एक वर्ष पूरा होने पर देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम ने अपनी उपलब्धियां गिनाई और विधानसभा क्षेत्र के विकास का खाका प्रस्तुत किया।

कार्यकाल पूरा होने पर बातचीत में उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों का विश्वास जीतना मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। पिछले एक साल में हमने मिलकर कई महत्वपूर्ण विकास कार्य पूरे किए हैं। जैसे सड़क निर्माण, सीएम



राइजिंग, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार अन्य शामिल हैं। मेरा मानना है कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और मैं आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मुझे इस यात्रा में साथ दिया है।

### विधानसभा में वही विकास की गंगा

क्षेत्रीय जनता से मिले आशीर्वाद की बदौलत उन्होंने पिछले एक साल में विधानसभा क्षेत्र में पांच सीएम राइजिंग विद्यालय की स्वीकृत कराई। जिसमें सुदूर क्षेत्र बरका, सरई, माड़ा, खुटार एवं गड़हरा के छात्र-छात्राओं को लाभ मिला। वहीं सरई में व्यवहार न्यायालय, बरका में दो कन्या छात्रावास, सीएम राइस विद्यालय भवन निर्माण बरगवां, तहसील भवन बरगवां एवं सिविल अस्पताल भवन बरगवां, महाविद्यालय भवन माड़ा, सामा कोदो कुटकी प्लांट जरहा, चिकित्सालय भवन माड़ा सहित चार बड़े पुल स्वीकृत कराया। पुल बनने से लाखों लोगों का आवागमन सुविधाजनक होगा।

### सुदूर गांवों में आवागमन पर किया फोकस

श्री मेश्राम ने कहा कि सुदूर गांव में आवागमन एक बड़ी समस्या नजर आई। एक गांव को दूसरे गांव से जोड़ने व शहरों से जोड़ने के लिए सड़क और पुल निर्माण पर फोकस किया गया है। बहेरी से ओखरावल के बीच पुल निर्माण लागत 19.50 करोड़ रुपये, चाचर से जरहा 16.50 करोड़ रुपये, म्यार नदी धरी पर 5.90 करोड़ रुपये, लामीदह नदी पर बड़ा पुल की लंबाई 60 मीटर लगात 2.30 करोड़ रुपये की लागत, हुडदूल नदी पर पुल निर्माण, कोल्हुआ से बकहुल सड़क निर्माण, गड़ाखाढ से बंधौरा सड़क निर्माण, धिरौली से नगवा सड़क निर्माण की स्वीकृत कराई। कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए अलग-अलग क्षेत्र में करीब 330 हैंडपंपों का उत्खनन कराया गया।

# विधायक सीधी ने किया गोपालदास बांध गहरीकरण, नवीनीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण का भूमिपूजन

## प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास हेतु पूरी तन्मयता से कार्य कर रही है और हर क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है : विधायक

**सिंचाई सुविधा में होगा विस्तार, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

**जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगी परियोजनाः श्रीमती पाठक**

सीधी

विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से 301.71 लाख रुपये लागत के गोपालदास बांध गहरीकरण, नवीनीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से न केवल बांध को नया जीवन मिलेगा, बल्कि यह जिलेवासियों के लिए पर्यटन और रोजगार का नया केंद्र भी बनेगा।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि यह परियोजना सीधी जिले के विकास को नई दिशा देगी। न केवल जिले के निवासी इस परियोजना से लाभान्वित होंगे, बल्कि यह बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और जिले के समग्र विकास में बड़ा योगदान होगा। गोपालदास बांध का यह बदलाव क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और आने वाले समय में इसे सीधी जिले का एक प्रमुख केंद्र बनाएगा। विधायक ने कहा कि गोपालदास बांध का गहरीकरण एवं नवीनीकरण से बांध के जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी, जिससे सिंचाई और पेयजल सुविधाओं में सुधार होगा। मार्ग चौड़ीकरण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। बांध के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विकास से यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस परियोजना के माध्यम से गोपालदास बांध को एक पर्यटन स्थल के रूप में



विकसित किया जाएगा। आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों के आकर्षण के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके परिणामस्वरूप होटल, रेस्तरां, गाइड सेवाएं और अन्य पर्यटन आधारित गतिविधियां बढ़ेंगी, जो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। विधायक श्रीमती पाठक ने जिले में हो रहे विकास कार्यों का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को देते हुए कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास हेतु पूरी तन्मयता से कार्य कर रही है और हर क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है। जिले में विकास के साथ-साथ जल, जंगल, जमीन पर चर्चा की जा रही है। मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लिए चिंता कर जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही है जिससे प्रदेश और देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि जिले में विकास के लिए मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के साथ-साथ विधायक निधि के माध्यम से विकास और अधोसंरचना का कार्य किया जा रहा है। गोपाल दास बांध के विकास कार्यों के साथ ही जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन के लिए 7 करोड़ रुपए दिया गया है जिससे मरीजों का व्यवस्थित इलाज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अच्छा काम होने पर गांव तक विकास से जुड़ता है। मुख्यमंत्री जी द्वारा विधायकों को विधायक निधि के माध्यम से विकास के लिए राशि दी जाती है जिससे मैं और आपकी सरकार सबके सुख-दुख में आपके साथ है। विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों की जिम्मेदारी मेरी है विधानसभा में जो भी व्यवस्थाएं और अव्यवस्थाएं हैं उसकी चिंता और जिम्मेदारी मेरी है। शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अधोसंरचना के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से पानी, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपचार, प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़कर विकास की कड़ी में जोड़ा गया है। भारत 2047 तक विकसित भारत के रूप में आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी ने बेटियों की शादी, गरीबों के इलाज और हमारे महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए लाडली बहना योजना का संचालन किया है जिससे महिलाओं की आर्थिक की स्थिति में सुधार हुआ है और महिलाएं सशक्त हुई हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, देव कुमार सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 110 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



सीधी

नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 110 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# राष्ट्रीय अधिवेशन में राकेश मौर्य हुए सम्मानित



सीधी

भारतीय मानवाधिकार एसोशिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन वाराणसी के चंदौली जनपद के कमिश्नरी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी मुख्य आतिथ्य, भारतीय मानवधिकार एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी अध्यक्षता और मध्यप्रदेश के उमरिया जिला जेल अधीक्षक डी .के.सारस विशिष्ठ आतिथ्य के रूप में उपस्थित रहे। इस अधिवेशन में सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य भारत के सभी प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों सहित मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अजय चौधरी और प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य को प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी द्वारा स्टार प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में सीधी जिला से प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य सहित अरुण दुबे, रामेश्वर पांडेय भी उपस्थित थे।

# नई चेतना 3.0 महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जनपद एवं पंचायत स्तर पर कराई जा रही गतिविधियां

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल सहायक जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत ग्राम पंचायत गिजवार, दादर, पथरौला, मड़वास, सिलवार अमहिया, सिरौला में गतिविधियां आयोजित की गई। इस अभियान में रंगोली तथा जेंडर शपथ, रैली का आयोजन, बेटा-बेटी में भेद भाव को खत्म करने पर चर्चा, मेंहदी प्रतियोगिता, ग्राम सचिव एवं



रोजगार सहायक के साथ अभियान की चर्चा की गई। साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आजीविका मिशन कार्यालय मझौली में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मझौली रमेश कुशवाहा, उपखण्ड अधिकारी आर पी त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक बघेल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पी एल सागर, म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक चंद्रकांत सिंह,सहायक विकासखंड प्रबंधक भरत सोनी एवं सुंदरलाल तिवारी उपस्थिति में आयोजित किया गया। म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक चंद्रकांत सिंह द्वारा बताया गया कि वास्तव में ये जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छे बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीआरपी के रूप में सीताबाई सिंह, कमला सिंह, शकुंतला कुशवाहा, माया सिंह, संतोषी मिश्रा, संध्या तिवारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समाज के लिए हमें एक अच्छा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका वे गर्व भी कर रही हैं। समूह से जुड़ी महिलाओं को नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के बारे में बताकर जागरूक करने एवं लोक अधिकार केंद्र तक महिलाओं की पहुंच बनाकर उनके हित लाभ के लिए अथक प्रयास हेतु गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। जागरूकता गतिविधियों के तहत बाल विवाह पर रोक लगाए, बेटी-बेटा में भेदभाव न करने एवं हिंसा पर आवाज उठाई संबंधित आदि गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

# विधायक रीती पाठक ने किया एडवांस एक्स-रे डी.आर. सिस्टम हाई टेक्नोलॉजी का शुभारंभ

**सीधी।** विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा जिला चिकित्सालय सीधी में एडवांस एक्स-रे डी.आर. सिस्टम हाई टेक्नोलॉजी का शुभारंभ किया गया। एडवांस एक्स-रे डी.आर. सिस्टम हाई टेक्नोलॉजी संचालित होने से सीधी जिले के आम जनमानस को उन्नत एक्स-रे की सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि जिले वासियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य अधोसंरचना के क्षेत्र में शासन द्वारा प्राथमिकता से व्यय किया जा रहा है। जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं





को सुचारू रूप से संचालन के लिए 7 करोड़ रुपए दिया गया है जिससे मरीजों का व्यवस्थित इलाज किया जा सके। विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना देश वासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके माध्यम से लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। अब प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को पूरे सेवाभाव से योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को शासन की मंशानुसार बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए, उनमें किसी भी प्रकार का असंतोष या भटकाव नहीं हो। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी, प्रभारी अधिकारी- डॉ. हरिओम सिंह सेंगर, पुष्पराज सिंह, सुधाकर शुक्ला, डॉ. विक्रम सिंह, हरीश साहू, सहायक प्रबंधक पंकज सिंह बघेल, एक्स-रे टेक्नीशियन शैलेन्द्र मिश्रा, प्रमोद विश्वकर्मा समस्त चिकित्सालय परिवार एवं सीधी के जानमानस उपस्थित रहे।

# सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री के साथ देखी साबरमती फिल्म

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद और जाने माने चिकित्सक डॉ राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिमंडल और सभी सांसदों के साथ साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखने के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि द साबरमती रिपोर्ट फ़िल्म गोधरा कांड के सच को सामने लाने की एक सराहनीय कोशिश है। संसद परिसर के बालयोगी हॉल मे फ़िल्म देखा। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्र ने फिल्म देखने के पश्चात बताया कि गोधरा कांड झूठ का पर्दाफाश करने वाली इस फिल्म को सभी देशवासियों को को सपरिवार और इष्ट मित्रों के साथ जरूर देखनी चाहिए। फिल्म के सभी कलाकारों का अभिनय शानदार और संजीव है। फिल्म के देखने के पश्चात जहां एक ओर रोंगटे खड़े हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर उस समय की स्थिति की भयावता और विभीषिका का भी पता चलता है। मध्य प्रदेश में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति सांसद डॉक्टर मिश्रा ने क्षेत्र की जनता की ओर से आभार ज्ञापित किया है।



# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 04 दिसंबर को, कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

सीधी

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशन में एन.सी.ई.आर.टी, सी.बी.एस.ई. एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र दिनांक 09.10.2024 मे वर्णित दिशा निर्देश अनुरूप सीधी जिले की 97 चयनित सेम्पल शालाओं में कक्षा 3, 6 एवं 9 में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया गया है। यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय स्तर का है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा इस हेतु सभी चयनित सेम्पल शालाओं के समस्त प्राचार्य/प्रधानाध्यापक (शासकीय एवं अशासकीय शालाओं) संबंधित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिनांक 04.12.2024 को संबंधित चयनित समस्त विद्यालय प्रातः 8.30 पर खुलना सुनिश्चित करें। चयनित सेम्पल विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा नियंत्रणकर्ता की पूर्व अनुमति के बिना किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। चयनित शालाओं में कक्षा 3, 6 एवं 9 के विद्यार्थियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करायें। विद्यालय की साफ-सफाई, शौचालय की साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। समस्त विद्यालयों द्वारा सर्वे हेतु उपस्थित होने वाले फील्ड इन्वेस्टिगेटर्स एवं आब्जर्वस को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाये। जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी एवं अकादमिक समन्वयकों, जनशिक्षकों द्वारा उक्त निर्देश का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे व 04 दिसम्बर 2024 को चयनित शालाओं की मॉनीटरिंग करेंगे। चयनित शालाओं में दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को अन्य कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा।

# नई चेतना 3.0 अभियान अंतर्गत कुसमी के ग्राम पंचायत जूरी में किया गया पंचायत स्तरीय जेंडर फोरम का गठन

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त अजय कुमार सिंह एवं ब्लॉक नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी के सहयोग से नई चेतना 3.0 जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत विकासखंड कुसमी ग्राम पंचायत जूरी में जेंडर फोरम का गठन करते हुए रंगोली तथा जेंडर शपथ, रैली का आयोजन, बेटा-बेटी में भेदभाव को खत्म करने पर चर्चा तथा ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों को जेंडर अभियान 3.0 के विषय में समझाइश दी गई।



म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक सुरजीत सिंह तोमर एवं जागृति सीएलएफ नोडल सुशील त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि लोक अधिकार केंद्र के संचालक सीएलएफ अध्यक्ष दुअसिया सिंह, सीआरपी समता समन्वयक अशीष कली साकेत, समता सखी उर्मिला एवं उमा कावरे द्वारा लोक अधिकार केंद्र अंतर्गत आने वाले समूह सदस्यों को केंद्र एवं राज्य शासन से प्राप्त होने वाले हित लाभ योजनाओं के प्रकरण लोक अधिकार केंद में दर्ज कराए जाते हैं जिनके निराकरण हेतु पंचायत स्तरीय प्रकरण प्राप्त होने पर पंचायत स्तरीय जेंडर फोरम की बैठक कर हितग्राही की पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलवाने में लोक अधिकार केंद्र अपनी अहम भूमिका निभाता है।

जेंडर फोरम गठन के दौरान जिला जेंडर नोडल हरि राम त्रिपाठी, जिला प्रबंधक सूक्ष्म वित्त अजय सिंह, ब्लॉक प्रबंधक सुरजीत कुमार सिंह, सीएलएफ नोडल सुशील कुमार त्रिपाठी, यूनियन बैंक मैनेजर कुसमी सुशील कुमार, ग्राम पंचायत सरपंच अनीता सिंह, सीएलएफ अध्यक्ष दुअसिया सिंह, समता समन्वयक, समता सखी, समाजिक गतिविधि उपसमिति सदस्य, ग्राम संगठन अध्यक्ष, जीपीपी सदस्य, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति रही।

जूरी ग्राम पंचायत सरपंच अनीता सिंह ने बताया कि स्व सहायता समूह सदस्यों के हित लाभ के लिए स्व सहायता समूह द्वारा संचालित किया जा रहा यह लोक अधिकार केंद्र पहला ऐसा मंच है जिसमें हमारे दुरांचल क्षेत्र की महिलाओं को सुविधा प्रदान होगी जिससे महिलाएं अपने हक और अधिकार की मांग बिना किसी डर भय और संकोच के अपनी बात को केंद्र तक रख पाएंगी और अपने हक और अधिकार आसानी से प्राप्त कर सकेंगी।

## संपादकीय

### गरीब तबके का मार रहे हक

**अगर** करोड़ों की कीमत वाली बीएमडब्लू कार और घर में वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल करने वाले भी गरीब और वंचित तबकों के लिए निर्धारित सहायता का लाभ उठाने से नहीं हिचकते, तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है। यह न केवल प्रशासनिक ढांचे में घुले भ्रष्टाचार का उदाहरण है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि एक समुदाय में समृद्ध या सुविधा-संपन्न माने जाने वाले लोग बहुत कम पैसों के लिए नैतिकता को ताक पर रख सकते हैं, कमजोर तबकों का हक चुराने में कोई शर्म महसूस नहीं करते।गौरतलब है कि केरल में वित्त आयोग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के संबंध में एक समीक्षा की, जिसमें यह खुलासा हुआ कि बीएमडब्लू कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग भी इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं।


राज्य में राजपत्रित अधिकारियों और कालेज के प्रोफेसरों समेत करीब डेढ़ हजार सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने की खबरों से लोगों में स्वाभाविक नाराजगी है।निश्चित रूप से यह गलत तरीके से लाभ उठाने वालों के साथ राज्य के प्रशासनिक तंत्र के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत का नतीजा है। मगर सवाल है कि यह घोटाला कितने समय से और किसके संरक्षण में चलता रहा! केरल सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना गरीब तबकों के लिए शुरू की थी। इसके तहत बुजुर्ग, विधवाएं, दिव्यांग और गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को हर महीने सोलह सौ रुपए दिए जाते हैं। मगर भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कुछ समृद्ध लोगों ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े गरीबों का हक चुराने में कोई संकोच नहीं किया।

दरअसल, केरल के बारे में सामान्य धारणा यही है कि वहां तंत्र के स्तर पर भ्रष्टाचार के उदाहरण कम मिलते हैं और वहां का समाज भी अपेक्षया ईमानदार है। यह एक आम तस्वीर हो सकती है, मगर घोटाले का ताजा मामला यही दर्शाता है कि राज्य के प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त या उसकी अनदेखी करने वाले लोग भी इतना प्रभाव रखते हैं कि करीब डेढ़ हजार लोग अनुचित और अवैध तरीके से वास्तविक जरूरतमंदों की हकमारी कर रहे थे।

# संविधान से क्यों नहीं हटेगा सेकुलर शब्द

(राजेश चौधरी)

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े जाने को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने विराम लगा दिया। इससे जुड़ी याचिका सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में खारिज कर दी। 1976 में इमरजेंसी के दौरान संविधान संशोधन के जरिये प्रस्तावना में सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़े गए थे। इसे लेकर शीर्ष अदालत के सामने सवाल उठाए गए थे। इन सवालों पर सुप्रीम कोर्ट कई बार पहले भी व्यवस्था देते हुए कह चुका है कि सेकुलरिज्म संविधान का मूलभूत अंग है।





### विवाद का जड़

संविधान की मूल प्रस्तावना में सेकुलर शब्द नहीं था। संविधान सभा में सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़ने के लिए संशोधन प्रस्ताव पेश किया गया था। लेकिन उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। तब संविधान की प्रस्तावना में 'संप्रभुतासंपन्न, लोकतांत्रिक गणराज्य' ही लिखा गया। इसी रूप में संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू कर दिया गया। बाद में इंदिरा गांधी की सरकार के दौरान 1976 में संशोधन के जरिये संविधान की प्रस्तावना में 'संप्रभुता संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य' लिखा गया। इसी संशोधन को अदालत में चुनौती दी गई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते खारिज कर दिया। यही नहीं, कोर्ट ने मामले को लार्जर बेंच के पास भेजने से भी इनकार कर दिया।

### संसद को है अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संसद को संविधान की प्रस्तावना में भी संशोधन करने का अधिकार है। उसे यह अधिकार अनुच्छेद-368 के तहत हासिल है। अदालत ने कहा कि 44 साल बाद संशोधन प्रक्रिया को अमान्य नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि सेकुलरिज्म संविधान की मूलभूत विशेषता है। मूल रूप से, धर्मनिरपेक्षता का विचार समानता के अधिकार के एक पहलू का प्रतिनिधित्व करता है, जो संवैधानिक ढांचे के पैटर्न को दर्शाने वाले बुनियादी ताने-बाने में गहराई से बुना हुआ है।

### धर्मनिपक्षता की व्याख्या

भारत ने समय के साथ धर्मनिरपेक्षता की अपनी व्याख्या विकसित की है, जिसमें राज्य न तो किसी धर्म का समर्थन करता है और न ही किसी धर्म का पालन और अभ्यास करने से मना करता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारतीय संदर्भ में समाजवाद का मतलब भी खास आर्थिक नीतियां अपनाने के लिए बाध्य करना नहीं है। समाजवाद का अर्थ सिर्फ इतना है राज्य की प्रतिबद्धता एक कल्याणकारी राज्य के रूप में सभी नागरिकों को समान अवसर सुनिश्चित करने की है।

### अहम फैसले

केशवानंद भारती बनाम केरल मामले में 1973 में दिए गए ऐतिहासिक फैसले में सुप्रीम कोर्ट की 13 जजों की संविधानपीठ ने संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर को परिभाषित किया था। कोर्ट ने कहा था कि बेसिक स्ट्रक्चर के साथ छेड़छाड़ नहीं हो सकती।

ऐसे ही एस.आर. बोम्मई बनाम केंद्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि धर्मनिरपेक्षता भारत के संविधान की आधारशिला है। आर.सी. पौड्याल बनाम केंद्र सरकार केस में सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि शुरू से ही संविधान का अभिप्राय सभी धर्मों को समान रूप से सम्मान देने और उनके साथ बिना भेदभाव के व्यवहार करने का था। एम. इस्माइल फारूकी बनाम केंद्र सरकार मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी कि राज्य का कोई धर्म नहीं होता और सभी व्यक्तियों को धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है।

### समानता के अधिकार का पहलू

धर्मनिरपेक्षता भारत की संवैधानिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण तत्व है। इसे समानता के अधिकार का एक पहलू माना जाता है, जो संविधान की मूल संरचना के ताने-बाने में समाहित है। लेकिन एक सवाल हमेशा उठता रहा है कि प्रस्तावना में जिस तरह से सेकुलर व सोशलिस्ट शब्द संविधान संशोधन के जरिये डाले गए क्या उसी तरह से संविधान संशोधन के जरिये इन्हें हटाया भी जा सकता है

### संविधान की भावना और प्रारूप

सुप्रीम कोर्ट के तमाम फैसलों और संविधान को देखें तो संविधान की भावना और प्रारूप ही सेकुलर है। अनुच्छेद-15, 16, 25, 26, 27, 28 व 29 ये तमाम मौलिक अधिकार से संबंधित अनुच्छेद हैं और ये सेकुलर नेचर के हैं। इनमें समानता से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता तक के अधिकार शामिल हैं। ऐसे में सेकुलर शब्द को संविधान संशोधन के जरिये भी नहीं हटाया जा सकता।

### मूलभूत फीचर

सेकुलरिज्म हमारे संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का हमेशा हिस्सा रहा है। शीर्ष अदालत ने कई बार अपने जजमेंट में कहा है कि सेकुलरिज्म भारतीय संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर का हमेशा से पार्ट था और उसका पार्ट है। अगर आप समानता के अधिकार को देखते हैं तो वहां भी भाईचारे और बंधुत्व का इस्तेमाल किया गया है। यह साफ तौर पर संदेश देता है कि सेकुलरिज्म भारतीय संविधान का मूलभूत फीचर है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

### छेड़छाड़ नहीं हो सकती

कानून के जानकार व सीनियर एडवोकेट एमएल लाहोटी बताते हैं कि अब संविधान संशोधन के जरिये सेकुलर शब्द प्रस्तावना से हटाया नहीं जा सकता। केशवानंद भारती केस में सुप्रीम कोर्ट ने 1973 में कहा था कि संविधान संशोधन का संसद को अधिकार है लेकिन वह संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकती। सुप्रीम कोर्ट कई फैसले में यह कह चुका है कि प्रस्तावना भी बेसिक स्ट्रक्चर का पार्ट है। ऐसे में अब उसे नहीं छेड़ा जा सकता।

# शिवसेना यूबीटी यदि सूझबूझ दिखाए तो पुनः पलट सकती है सियासी बाजी!

(कमलेश पांडे)

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो 'सियासी फूफा' बनने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए।

कभी महाराष्ट्र की सियासी धड़कन समझी जाने वाली 'शिवसेना' भाजपा से अपनी गहरी दोस्ती के लिए जानी मानी जाती थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद के सवाल ने दोनों के बीच जो खटास पैदा की, वो निरन्तर जारी है। इसने अवसरवादी प्रवृत्ति ने क्षेत्रीय हिंदूवादी राजनीति को गहरा आघात पहुंचाया है। शिवसेना के पूर्व सुप्रीमो और अब शिवसेना यूबीटी के सर्वेसर्वा तथा महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव भाऊ ठाकरे के बाद जब शिवसेना के नए प्रमुख और महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जब पुनः मुख्यमंत्री पद के सवाल पर पहले सस्पेंस और बाद में क्लीनचिट वाली राजनीतिक चाल चली तो राजनीतिक गलियारे में उद्धव ठाकरे के ऊपर लगी पदलोलुपता की दाग धूल गई।

आपको यह जानकर हैरत होगी कि जैसे ही शिवसैनिकों ने एकनाथ शिंदे तक यह खबर पहुंचाई कि यदि वो 'सियासी फूफा' बनने का स्वांग रचेंगे तो भाजपा, शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे के ऊपर डोरे डाल सकती है, वैसे ही एकनाथ शिंदे के होश उड़ गए। क्योंकि शिवसेना यूबीटी द्वारा कांग्रेस की आलोचना किये जाने के पीछे की एक वजह यह भी है। इसके अलावा, एनसीपी प्रमुख अजित पवार के ऊपर भी भाजपा का भरोसा मजबूत होगा और बीजेपी की महाराष्ट्र सरकार आसानी से बन जाएगी। क्योंकि देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार पहले भी मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले चुके हैं और गत विधानसभा चुनावों में बटेंगे तो कटेंगे जैसे नारे के बाद दोनों के बीच जो मतभेद पैदा हुआ है, उसे भी पाटने में मदद मिल जाएगी।

बता दें कि अजित पवार के गत दिनों के ताजा बयान का संदेश भी स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। इससे पहले एकनाथ भी लगभग यही बात बोल चुके हैं। इसलिए किसी तरह की गलतफहमी न केवल महायुति की सियासी साख बल्कि शिवसेना और एकनाथ शिंदे के राजनीतिक वजूद पर भी सवाल पैदा कर सकते हैं। समझा जाता है कि यही सब सोचकर बीमार एकनाथ रविवार को चंगा हो गए और महायुति की बीजेपी सरकार के पक्ष में सकारात्मक बयानबाजी किए। बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस भी यही चाहते थे। उन्हें पता है कि उनके समानांतर किसी को पैदा किया जाता है, इसलिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पर वो शक करते हैं!

सच कहूं तो महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन से पहले जो पूरा सियासी ड्रामा मुंबई से दिल्ली तक चला, इससे यदि किसी को लाभ मिल सकता है तो वह हैं शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे। क्योंकि बीएमसी चुनाव सिर पर है। जब उन्हें यह पता चल चुका है कि कांग्रेस उनको ज्यादा तवज्जो नहीं देगी, तब वह अपने मूल जनाधार को बचाने की रणनीति बनाएं, जो उनकी गलत नीतियों के चलते एकनाथ शिंदे की तरफ शिफ्ट होते दिखाई पड़ रहे हैं। इसके लिए वह भाजपा की सरकार को बाहर से समर्थन देने की पहल करें, वो भी बिना मांगे। इससे भाजपा से ज्यादा शिवसैनिकों की सहानुभूति उन्हें मिलेगी।

इसके बाद वह महाराष्ट्र से बाहर निकलें और पूरे देश में हिंदूवादी राजनीति को मजबूत करें। क्योंकि सत्ता में रहकर भाजपा जो काम नहीं कर सकती है, वह उनकी परोक्ष सहयोगी बनकर शिवसेना यूबीटी कर सकती है, क्योंकि सिर्फ शिवसेना गई है, उसका मुख पत्र सामना (दोपहर का सामना) आज भी उनके पास है। पहले उद्धव इसका देश व्यापी विस्तार करें और फिर उसी की आड़ में सियासी गोटियां सेट करें। क्योंकि देर सबेर शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार भाजपा से दूर जाएंगे, क्योंकि इनकी सियासी तासीर कभी देवेंद्र फडणवीस से मेल नहीं खाएगी। इसलिए शिवसेना यूबीटी यदि राजनीतिक सूझबूझ दिखाएगी, तो उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे दोनों का भविष्य उज्ज्वल रहेगा।

राजनीतिक रूप से देखें तो चाहे केंद्र की एनडीए सरकार हो या महाराष्ट्र की महायुति सरकार, शिवसेना यूटीबी की जरूरत भाजपा को पड़ेगी ही, ताकि वह अपने सहयोगियों पर प्रेशर की राजनीति डाल सके। यह मोदी-शाह का सियासी स्वभाव है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर महाराष्ट्र के कार्यवाहक उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जैसे बीजेपी की तीसरी पीढ़ी के नेताओं को अपने व्यक्तिगत विस्तार और संरक्षण के लिए भी शिवसेना की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि उद्धव को पता होना चाहिए कि बड़े दलों में भी देवेंद्र फडणवीस जैसे जमीनी नेता इसलिए अपना वजूद कायम रख पाते हैं, क्योंकि वह समय के साथ बदलते रहते हैं।

इसलिए उद्धव ठाकरे भी सियासी हठ छोड़ें और राजनीतिक सूझबूझ भरा फैसला लें। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस का साथ लेना उनकी गलत रणनीति नहीं थी, बशर्ते कि वह उससे खुद को महाराष्ट्र का नेता मनवा लेते। लेकिन जब ऐसा नहीं कर सके, तो अब घर वापसी की जुगत बिठाएं। खुद को बीएमसी चुनाव में मजबूत करें। महाराष्ट्र में शिवसैनिकों के विश्वास पुनः जीतें। क्योंकि राजनीतिक मौतें हमेशा अस्थायी होती हैं, शाश्वत तो नेताओं व उनके दलों की नीतियां होती हैं, जो उन्हें बार बार राजनीतिक पुनर्जन्म देती हैं। बिहार के जदयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यदि वह सियासी ज्ञान लेते रहें तो घरवापसी भी ज्यादा कशमकश वाली नहीं रह जायेगी!

पते की बात तो यह होगी कि भाजपा जिन हिंदूवादी मुद्दे पर मुखर होकर नहीं बोल पाती है, वह उसपर मुखर हों। संघ से देशव्यापी आशीर्वाद की कामना करें, क्योंकि भाजपा पर सियासी अंकुश रखने के लिए भी संघ को शिवसेना जैसे पुराने शुभचिंतकों की जरूरत हमेशा पड़ेगी। देश के 1800 मंदिरों के जीर्णोद्धार का मुद्दा सबसे अहम है, इसलिए इन्हें उठाकर भी शिवसेना यूटीबी अपना खोया राजनीतिक वजूद फिर से पा सकती है।

## वर्ग पहेली 5571

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | | ■ | 12 | 13 |
| 14 | | 15 | | ■ | 16 | ■ | |
| | ■ | 17 | | 18 | | ■ | |
| ■ | 19 | | ■ | | ■ | 20 | |
| 21 | | | ■ | 22 | | | |

संकेतः बाएं से दाएं

1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरूनीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रत, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरूपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समय, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

ऊपर से नीचे

1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

### वर्ग पहेली 5570 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | हौ | र | ■ | ब | र | ग | द |
| म | ज | मा | ■ | ह | मा | रा | ■ |
| बं | ■ | ना | म | क | ■ | रा | पी |
| दी | न | ■ | स | ना | थ | ■ | प |
| ■ | म | ह | ल | ■ | प | ह | त |
| ता | क | ■ | ना | पा | क | ■ | ■ |
| ■ | खा | ब | ■ | ता | ना | बा | ना |
| शा | र | दा | ■ | ल | ■ | द | ल |

# दुनिया तीसरे विश्व युद्ध में उलझ चुकी है

(रिजवान)

मार्क टोथ और जोनाथन स्वीट का कहना है दुनिया तीन साल पहले तीसरे विश्व युद्ध में प्रवेश कर चुकी है। ये युद्ध किसी फिल्म की कल्पना जैसा नहीं है। यह आधुनिक युग के युद्ध का नया रूप है। रूस, यूक्रेन, चीन और पश्चिमी देश इस युद्ध के प्रमुख खिलाड़ी हैं।

दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध छिड़ने पर लगातार कई तरह के दावे और भविष्यवाणियां की जाती रही हैं। इस बीच एक नया दावा सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध में उलझ चुकी है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है लेकिन यह पारंपरिक युद्धों की तरह नहीं हो रहा है। ऐसे में इसमें बड़े पैमाने पर लड़ाई या परमाणु हमले अभी तक नहीं हुए हैं लेकिन दुनिया एक नए तरह के युद्ध में फंस चुकी है। यह युद्ध सूक्ष्म, व्यापक और कई क्षेत्रों में फैला है। सुरक्षा विशेषज्ञ मार्क टोथ और पूर्व अमेरिकी खुफिया अधिकारी कर्नल जोनाथन स्वीट ने डेली मेल को दिए एक इंटरव्यू में कहा, दुनिया तीसरे विश्व युद्ध में है लेकिन लोग इसे पहचान नहीं रहे हैं। इसकी वजह ये है कि यह 20वीं सदी में हुए दो विश्व युद्धों जैसा नहीं है। रूस के 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के साथ ही इस युद्ध की शुरुआत हो चुकी थी। यह युद्ध हाइब्रिड तरीके से लड़ा जा रहा है। इसमें साइबर हमले, गलत सूचनाएं और आर्थिक दबाव को हथियार बनाया गया हैं।



### क्या दुनिया में चल रही है जंग

मार्क टोथ और जोनाथन स्वीट का कहना है, यह तीसरा वैश्विक युद्ध हॉलीवुड की कल्पना जैसा नहीं है। यह बहुक्षेत्रीय और बहुडोमेन युद्ध क्षेत्रों में हो रहा है। जैसे रूस यूक्रेन में और अफ्रीका के कई देशों में वैगनर ग्रुप जैसे अर्धसैनिक बलों के जरिए अस्थिरता फैला रहा है। वह अंतरिक्ष और साइबरस्पेस में भी अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। हाइब्रिड युद्ध के अलावा, रूस जासूसी, तोड़फोड़ और गुप्त अभियानों का भी सहारा ले रहा है। पश्चिमी देशों में रसद केंद्रों पर आगजनी के हमले और राजनीतिक विरोधियों की हत्याएं इसके उदाहरण हैं। पश्चिम एशिया में गाजा-लेबनान युद्धों की की वजह से भी तनाव बढ़ा है। चीन हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ताइवान के खिलाफ अपनी आक्रामकता बढ़ा रहा है। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बीजिंग इस दशक के अंत तक ताइवान पर हमला कर सकता है। इससे यह क्षेत्र बड़े संघर्ष का केंद्र बन सकता है। इस सबके बीच महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा भी जटिल हो गई है। नाइटन का कहना है कि हम महाशक्ति प्रतिस्पर्धा की वापसी देख रहे हैं, जो अच्छा संकेत नहीं है।

इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट की वरिष्ठ यूरोप विश्लेषक एडलाइन वैन हाउते का मानना है कि तीसरा विश्व युद्ध अभी निश्चित नहीं है लेकिन इसके बढ़ने का खतरा बहुत ज्यादा है। उनका मानना है कि परमाणु वृद्धि की संभावना भी बहुत कम है। आज साइबर हमले और गलत सूचनाएं निश्चित रूप से एक हथियार की तरह काम कर रही हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

शाम तक आपके लिए कारोबार में कोई डील फाइनल हो सकती है और आपके लिए सम्मान प्राप्ति के योग बने हैं। आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी और किसी विशेष सम्मान की प्राप्ति होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपके लिए भौतिक विकास के अच्छे योग बने हैं और आपको मान सम्मान प्राप्त होगा।

### वृष

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपका मन नई योजनाओं में लगेगा और आपकी तरक्की होगी। आपको कहीं जाने से लाभ मिलेगा और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। कानूनी विवाद में आपकी विजय होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

### तुला

आज दिन काफी रचनात्मक है। किसी कार्य को पूरा करने में आपका पूरा दिन बीतेगा। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और आपको अपने सीनियर का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक

आप जो भी काम लगन के साथ करेंगे, आपको उसका फल तुरंत ही मिल जाएगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और आपके जीवन में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और साथी भी आपका सहयोग करेंगे।

### मिथुन

आज करियर के मामले में दिन काफी व्यस्तता से भरा होगा और आपके ऊपर काम का काफी बोझ रहेगा। धर्म आध्यात्म के मामले में आपको लाभ होगा और आप पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्य में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे।

### कर्क

आज हर मामले में बहुत ही सावधानी से काम करने की सलाह है। बेहतर होगा कि आप किसी मामले में फैसला लेने से बचें। आसपास के लोगों से किसी प्रकार का विवाद न करें और अपनी किस्मत पर भरोसा करें। आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

### धनु

आज दिन लाभकारक हैं। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। आपको ज़मीन जायदाद के मामले में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। पारिवारिक मामलों में कुछ लोग आपके लिए परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

### मकर

आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति से रहेगी और आपको लाभ होगा। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आपको लाभ होगा। आगे चलकर आपकी अच्छी कमाई होगी और आपके काम में जान आएगी।

### सिंह

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### कन्या

आज दिन सामान्य है। पार्टनरशिप में कोई काम करने पर आपको सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए तरक्की के संयोग बनेंगे। व्यापार में काफी फायदा पहुंचेगा और आपकी तरक्की होगी। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े।

### कुंभ

आज आपके लिए दिन सकारात्मक रहने वाला है। कुंभ राशि वाले कल कठिन से कठिन कार्यों को कम समय में ही पूरा कर लेंगे, जिससे आपको खुशी होगी और लाभ भी अवश्य मिलेगा। अगर आप नया बिजनस स्टार्ट करने की सोच रहे हैं तो उसके लिए कल का दिन शुभ रहेगा। व्यापार में कल अत्यधिक धन लाभ होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, जिससे आपकी चिंता कम होगी।

### मीन

राशि के जातकों के लिए आज काफी लाभदायक समय है। ग्रह स्थिति आप के लिए बहुत अनुकूल है। छोटी-मोटी परेशानियां आराम से पार कर लेंगे। आज आपके मान सम्मान में प्राप्ति होगी। अपने लिए कुछ समय निकालने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। शाम के समय दान पुण्य के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा में सबसे आगे बैठेंगे प्रधानमंत्री मोदी, प्रियंका गांधी वाड्रा को मिली सीट नंबर 51

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में सांसदों के लिए सीटों का आवंटन पूरा हो चुका है। ताजा व्यवस्था के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को



पहले की तरह 1 नंबर सीट आवंटित की गई है। जबकि, संसद की नई सदस्य वायनाड से उपचुनाव जीतने वाली प्रियंका गांधी वाड्रा को 517 नंबर की सीट आवंटित की गई है। विपक्षी दलों में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सबसे पहली पंक्ति में होंगे। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पहले दूसरे कॉलम में डिवीजन नंबर 58 आवंटित किया गया था, लेकिन अब उन्हें गृह मंत्री अमित शाह के बगल वाली सीट संख्या चार दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को प्रधानमंत्री के बगल वाली डिवीजन सीट संख्या दो मिली है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव विपक्षी दीर्घा की आगे की पंक्ति में सीट संख्या 355 पर बैठेंगे। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय यादव के बगल में बैठेंगे। टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को 280, कल्याण बनर्जी को 281 और सौगत रॉय को 284 नंबर की सीट दूसरी पंक्ति में आवंटित हुई हैं।द्रमुक नेता टी आर बालू और ए राजा को भी आगे की पंक्ति में सीटें आवंटित की गई हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को राहुल गांधी के पास सीट नंबर 497 दी गई है।जबकि, फैजाबाद सांसद अवधेस प्रसाद को दूसरी रो में जगह दी गई है। अब वह डिंपल यादव की सीट 358 के बगल में 357 पर बैठेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा के पास वाली सीटों पर कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश और असम से प्रद्युत बोरदोलोई मौजूद होंगे।

### गांव में एनसीपी विधायक के समर्थक बैलेट पेपर से करवा रहे थे चुनाव, करना पड़ा कैंसल

**सोलापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मरकावाडी गांव में एनसीपी (एसपी) विधायक



के समर्थन में बैलेट पेपर से रीपोलिंग करवाने की योजना बनाई गई थी। मंगलवार को ही यह चुनाव होना था। हालांकि प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए इस मॉक पोल को रोकने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया है। इसके बाद ग्रामीणों ने इस मतदान का प्लान कैंसल कर दिया। बताया गया कि पुलिस ने धमकी दी कि इस प्रक्रिया में भाग लेने वालों के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।इसके बाद ग्राम पंचायत की बैठक हुई और इस मतदान को रद्द करने का फैसला किया गया। मालशिरस सीट के तहत आने वाले इस गांव के लोगों का कहना था कि यहां ज्यादातर महाविकास अघाड़ी के समर्थक रहते हैं, इसके बावजूद चुनाव आयोग के आंकड़ों में महायुति को ज्यादा वोट हासिल हुए। ऐसे में उन्होंने बैलेट पेपर से अनाधिकारिक चुनाव कराने का फैसला कर लिया था।पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए कुछ ग्रामीणों को पहले ही नोटिस भेजा था।इस सीट पर एनसीपी (एसपी) प्रत्याशी उत्तम जांकर ने ही जीत दर्ज की है। जांकर ने कहा, गांव के लोगों से सलाह के बाद हमने फैसला किया है कि कानूनी तरीके से हम ईवीएम के खिलाफ जंग लड़ेंगे क्योंकि पुलिस हमें यह मतदान नहीं करवाने दे रही है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, यह गतिविधि पूरी तरह से गैरकानूनी है और अगर कोई इस तरह मतदान करवाएगा तो उसपर कार्रवाई होगी। एनसीपी (एसपी) के नवनिर्वाचित विधायक उत्तम जांकर ने ही पहले रीपोलिंग की अपील की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने सख्ती बरती। गांव में पुलि की तैनाती कर दी गई। कुछ गांव के लोगों का कहना था कि गांव में महाविकास अघाड़ी के वोटर ज्यादा हैं लेकिन ईवीएम गलत आंकड़े दिखा रही है।वहीं बीजेपी समर्थकों ने पहले ही कर दिया था कि वे इस मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे।

### रामायण में राक्षस बने एक्टर ने मंच पर ही फाड़ा जिंदा सुअर का पेट, गिरफ्तार

**गंजम , एजेंसी।** रामायण में राक्षस की भूमिका निभाने वाले 45 वर्षीय रंगमंच अभिनेता को ओडिशा के गंजम जिले में मंच पर एक जीवित सुअर का पेट फाड़कर उसका मांस खाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना से राज्यव्यापी आक्रोश फैल गया और सोमवार को विधानसभा में इसकी निंदा की गई। अभिनेता बिंबाधर गौड़ा के अलावा, 24 नवंबर को हिन्जिली पुलिस थाना क्षेत्र के रालाब गांव में हुए नाटक के आयोजकों में से एक को भी पशुओं के प्रति क्रूरता और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सत्तारूढ़ भाजपा सदस्य बाबू सिंह और सनातन बिजुली ने विधानसभा में इस घटना की कड़ी निंदा की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने भी इसकी निंदा की और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।बेरहामपुर के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) सनी खोखर ने कहा, हम उन लोगों की भी तलाश कर रहे हैं जिन्होंने थिएटर में सांपों को प्रदर्शित किया था। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने हालांकि गिरफ्तार आयोजक का नाम नहीं बताया। राज्य सरकार ने पिछले साल अगस्त में जारी दिशा-निर्देश में सांपों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# ऑल-त्रिपुरा होटल और रेस्तरां मालिक संघ ने कहा- बांग्लादेशियों को नहीं देंगे होटल, रेस्तरां में भोजन की मनाही

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के होटल और रेस्तरां मालिक बांग्लादेश के पर्यटकों से बुकिंग स्वीकार नहीं करेंगे। यह निर्णय अस्थायी तौर पर लिया गया है। पूर्वोत्तर राज्य में ट्रावेल सेक्टर के शीर्ष संघ की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। दोनों पड़ोसियों के बीच राजनयिक संबंधों में तनाव को देखते हुए यह फैसला हुआ है। ऑल-त्रिपुरा होटल और रेस्तरां मालिक संघ की ओर से जारी बयान में कहा, 'राज्य के होटल बांग्लादेशी पर्यटकों को कमरे नहीं देंगे और रेस्तरां में उन्हें भोजन नहीं दिया जाएगा।' यह बयान ऐसे समय जारी हुआ जब सैकड़ों लोगों ने राजधानी अगरतला में बांग्लादेशी मिशन के चारों ओर विशाल रैली निकाली। इस दौरान बांग्लादेश में हिंदू भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के साथ-साथ पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों का विरोध किया गया।दरअसल, अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में एक समूह की ओर से ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान कुछ लोगों द्वारा अनधिकृत तरीके से प्रवेश कर शांति भंग की गई। इस घटना के बाद उच्चायोग के अंदर और आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीव चक्रवर्ती ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ रैली निकाली गई। रैली निकालने वाले विश्व हिंदू परिषद से जुड़े हिंदू संघर्ष समिति के 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को इस संबंध में ज्ञापन सौंपने के लिए सहायक उच्चायोग के अंदर जाने की अनुमति दी गई थी, लेकिन कुछ अतिरिक्त लोग परिसर में घुस आए और वे वहां 'जय श्री राम' के नारे लगाने लगे।




### 'प्रदर्शनकारियों को तुरंत निकाला बाहर'

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'बांग्लादेश सहायक उच्चायोग के अंदर किसी भी तरह की शांति भंग नहीं हुई और न ही कोई परेशानी हुई क्योंकि हमनें प्रदर्शनकारियों को तुरंत वहां से बाहर निकाल दिया था।' बांग्लादेश के झंडे को कथित तौर पर जलाने की घटना पर उन्होंने कहा कि पुलिस को इस संबंध में सूचना मिली है और वे उस वीडियो फुटेज की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश सहायक उच्चायोग में हुई घटना के संबंध में हमें अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।'

### असम से आधार कार्ड बनवाकर मणिपुर में नौकरी कर रहे थे बांग्लादेशी, पुलिस ने 29 को किया अरेस्ट

**इंफाल, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं के बीच भारत में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने सोमवार को जानकारी दी कि असम के एड्रेस पर आधार कार्ड वाले 29 संदिग्ध बांग्लादेशियों को इंफाल में पकड़ा गया है। ये सभी एक इलाके में एक बेकरी शॉप में काम कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने इलाके में रेड मारी और इन्हें अरेस्ट किया। सीएम एन बीरेन सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ÷उनके पास असम में जारी किए गए आधार कार्ड थे और उन्हें संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया।



उन्होंने मणिपुर सरकार के इनर लाइन परमिट के मानदंडों का उल्लंघन किया।÷ उन्होंने कहा, जैसा कि दस्तावेजों से पता चला है कि वे असम से थे, 29 लोगों को मंगलवार को असम के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि उन्हें आईएलपी जारी करने वाले राजस्व विभाग के एक अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हमें संदेह है कि मणिपुर में बांग्लादेश से और अवैध अप्रवासियों हो सकते हैं।÷ कांगपोकपी जिले के लीमाखोंग में एक सेना शिविर से लापता हुए लैशराम कमलबाबू सिंह के बारे में मीडिया के सवालों पर, सीएम ने कहा, ÷सुरक्षा बल उनकी तलाश कर रहे हैं। कल, उनकी तलाश के लिए सेना द्वारा हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया था। टीमें भेजी गई हैं। उसकी तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

## छत्तीसगढ़ में अब जनता सीधे चुनेगी मेयर, निकाय चुनाव में ओबीसी कोटे के प्रारूप पर भी फैसला



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में अब जनता सीधे महापौर का चुनाव करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को एक्स पर अपने पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में पर्यटन के मसले पर भी बड़ा फैसला हुआ है। कैबिनेट ने सूबे में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसको उद्योग का दर्जा देने से जुड़े प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। पीटीआई के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सरकार ने सोमवार को नगर निगमों के महापौर और अन्य नगर निकायों के अध्यक्षों के पदों के लिए प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली को बहाल करने का फैसला लिया। इस फैसले ने पिछली भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के फैसले को पलट दिया है। तत्कालीन बघेल सरकार के फैसले के अनुसार, जनता पार्षदों को चुनती थी। इसके बाद पार्षद अपने बीच से महापौर और अध्यक्षों का चुनाव करते थे। इस प्रणाली का इस्तेमाल राज्य में 2019 में हुए नगर निकाय चुनावों में किया गया था।

सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान पिछली प्रणाली को बहाल करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा- छत्तीसगढ़ की आवाम अब सीधे मेयर का चुनाव करेगी। सूबे में अब मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। कैबिनेट ने इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## महिला कांस्टेबल की उसके भाई ने की हत्या, दूसरी जाति के लड़के से शादी करने पर था नाराज

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में झूठी शान के लिए हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इब्राहिमपटनम इलाके में 29 वर्षीय एक महिला कांस्टेबल की उसके भाई ने हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि हत्या के आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला के पति ने पुलिस को दी शिकायत में पत्नी के भाई पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया क्योंकि वह उनके अंतरजातीय विवाह के खिलाफ था। पुलिस ने कहा कि आरोपी कथित तौर पर एक हफ्ते से अपनी बहन की हत्या करने की साजिश रच रहा था क्योंकि उसे दंपति का अंतरजातीय विवाह पसंद नहीं था। पुलिस ने बताया कि साजिश के तहत आरोपी ने उसकी हरकतों पर नजर रखने के लिए एक व्यक्ति को भी नियुक्त किया। वह एक कार में आया, उसके दोपहिया वाहन को टक्कर मारी और उसकी गर्दन पर चाकू से वार किया। पुलिस ने कहा कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। अंतरजातीय विवाह के मद्देनजर पुलिस ने पहले जोड़े के परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग की थी। हत्या का मामला दर्ज किया गया है।महिला के पति ने कहा कि उसने सोमवार सुबह काम पर जाने के बाद अपनी पत्नी को फोन किया तो कॉल के दौरान उसने उसे कहा, 'मेरा भाई मुझे मारने आया है और फोन कट गया।' पीड़िता के माता-पिता नहीं हैं, वह रविवार को अपनी सास से मिलने गांव गई थी।

# देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र को देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए और मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''(संभल जैसी घटनाएं) रोकने की जरूरत है। मैं केंद्र सरकार से कहूंगा कि वह (ऐसी हरकतें) रोके, क्योंकि वे (भारत के) मुसलमानों को समुद्र में नहीं फेंक सकते। वे 24 करोड़ मुसलमानों को कहां फेंकेंगे? मुसलमानों के साथ समान व्यवहार करें, यही हमारा संविधान कहता है। अगर वे संविधान के साथ छेड़छाड़ करेंगे तो भारत कैसे बचेगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने कहा कि कोई भी कश्मीरी पंडितों की घाटी में वापसी के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, ''कश्मीरी पंडितों को वापस आने से कौन रोक रहा है? हर राजनीतिक दल ने कहा है कि उन्हें वापस आना चाहिए। यह उनका फैसला है कि वे कब वापस आना चाहते हैं। हमारे दिल उनके लिए खुले हैं। जब मैं मुख्यमंत्री था और स्थिति खराब थी, तब भी हमने उन्हें वापस लाने की कोशिश की थी।''

जम्मू-कश्मीर में आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग पर अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम सरकार से इसकी समीक्षा करने को कहेंगे। आरक्षण वंचित वर्गों के लिए है ताकि वे बराबरी के स्तर पर आ सकें।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार ने आरक्षण को युक्तिसंगत बनाने की मांगों पर



विचार करने के लिए कैबिनेट की उप-समिति का गठन किया है। केंद्र शासित प्रदेश में आरक्षण की सीमा 70 प्रतिशत तक पहुंच गयी है।

आतंकियों के साथ कथित संबंधों के चलते पिछले सप्ताह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा दो सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किए जाने के बारे में अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार ''हर चीज पर नजर रखेगी और यह पता लगाएगी कि दोनों कर्मचारियों को क्यों बर्खास्त किया गया।'' नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष ने इजरायल-लेबनान के बीच हुए संघर्ष विराम का स्वागत किया, लेकिन गाजा, सीरिया और ईरान पर हमलों को भी रोकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''यह (संघर्ष विराम) एक बहुत अच्छा कदम है, लेकिन इजराइल और अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से गाजा, सीरिया और ईरान में किए जा रहे हमलों को रोकना जरूरी है, जो आज भी जारी हैं। यह खतरनाक है। तुरंत संघर्ष विराम होना चाहिए।'' अब्दुल्ला ने कहा, ''आपने (संयुक्त राष्ट्र) सुरक्षा परिषद में बहस देखी होगी। यदि सुरक्षा परिषद के अस्तित्व का कोई उद्देश्य है, तो उसे इजराइल को दिए गए निर्देशों पर काम करना चाहिए। उन्हें संघर्ष विराम लागू करना चाहिए और मानवीय सहायता की अनुमति देनी चाहिए। हाल में 'उमराह' यात्रा से लौटे अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने न केवल कश्मीर के लिए बल्कि पूरे मुस्लिम जगत के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा, ''आज हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, अल्लाह हमें उनसे मुक्ति दिलाए। अल्लाह हमें सही रास्ते पर ले जाए। मैंने प्रार्थना की कि हम बुराई से दूर रहें और हमारे देश में फैली धार्मिक नफरत का अंत हो। मैंने एकता और सद्भाव के लिए प्रार्थना की।

# क्या अवध ओझा और विकास दिव्यकीर्ति के बीच होगा चुनावी मुकाबला !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग देने वाले मशहूर शिक्षक अवध ओझा ने अपनी पुरानी इच्छा के मुताबिक राजनीति में प्रवेश पा लिया है। ओझा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया। उनका दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ना भी तय बताया जा रहा है। राजनीति में एंट्री लेने के बाद जहां एक बार फिर अवध ओझा सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं तो उन्हीं की तरह वायरल होने वाले एक और शिक्षक विकास दिव्यकीर्ति की भी खूब चर्चा हो रही है। बहुत से सोशल मीडिया यूजर्स ने कहा है कि वे दिल्ली में अवध ओझा और विकास दिव्यकीर्ति का चुनावी मुकाबला देखना चाहते हैं। कई भाजपा को सलाह दे रहे हैं कि दिव्यकीर्ति को अवध ओझा की सीट से उतारा जाए।

दरअसल, अवध ओझा और विकास दिव्यकीर्ति दोनों ही यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग देते हैं। दोनों अपने पढ़ाने के खास और सरल अंदाज को लेकर मशहूर हैं। दोनों की सोशल मीडिया



पर बड़ी फैन फॉलोइंग है। युवाओं के बीच लोकप्रिय दोनों शिक्षकों की अक्सर तुलना होती है तो कई बार उन्हें प्रतिद्वंद्वी के तौर पर भी देखा जाता है। ऐसे में जब अवध ओझा ने राजनीति में प्रवेश किया तो विकास दिव्यकीर्ति की चर्चा भी लाजिमी है।

सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स एक्स, फेसबुक से इंस्टाग्राम तक पर लोग अवध ओझा और विकास दिव्यकीर्ति के बीच मुकाबला देखने की इच्छा जाहिर करने लगे। एक्स पर एक यूजर ने लिखा, अगर अवध ओझा और विकास दिव्यकीर्ति राजनीति में आमने-सामने आते हैं, तो यह राजनीति में एक दिलचस्प मुकाबला साबित होगा। विकू सचान नाम के एक यूजर ने कहा, अवध ओझा सर और विकास दिव्यकीर्ति सर को दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक सीट से टिकट देनी चाहिए। लीला नाम की एक यूजर ने कहा कि अवध ओझा के सामने बीजेपी को विकास दिव्यकिर्ति को उतारना चाहिए। ताकि मुकाबला रोचक हो जाए।

सुभम पांडे नाम के एक यूजर ने तो एक दम आगे बढ़कर विकास दिव्यकीर्ति को सीएम दावेदार देखने की इच्छा जाहिर कर दी। वह लिखते हैं, बस खबर आ जाए विकास दिव्यकीर्ति ने बीजेपी ज्वाइन कर ली और मुख्यमंत्री पद के दावेदार बनाए गए। बस मजा आ जाए। हालांकि, खुद विकास दिव्यकीर्ति की तरफ से किसी तरह की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। लेकिन उनके कुछ पुराने वीडियो के जरिए लोग उनकी राजनीतिक विचारधारा भांपने की कोशिश में भी जुटे हुए हैं। दिल्ली में अगले साल जनवरी-फरवरी में विधानसभा चुनाव होना है।

## बदल गया कश्मीर! मस्जिदों से फरमान देने और बंद कराने वाले हुर्रियत ने की सुरक्षा बलों की तारीफ

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस का नाम आते ही अलगाववाद और बंद की अपीलें याद आती हैं। इसकी वजह है कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस की ओर से अकसर घाटी में बंद करने की अपीलें की जाती रही हैं। इसके अलावा मस्जिदों से फरमान जारी होते रहे हैं। लेकिन अब कश्मीर बदला हुआ नजर आ रहा है तो हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के रुख में भी सुधार हुआ है। हुर्रियत के नेता मीरवाइज उमर फारूक ने जम्मू-कश्मीर पुलिस की तारीफ की है। अब जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश और वहां की पुलिस होम मिनिस्ट्री के अंतर्गत काम करती है। ऐसे में केंद्र सरकार के तहत काम करने वाली जम्मू-कश्मीर पुलिस की हुर्रियत की ओर से तारीफ किया जाना मायने रखता है।

हुर्रियत के नेता मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ड्रग डीलर्स और तस्करों पर ऐक्शन लिया है। यह अच्छी बात है और हमें प्रशासन की ओर से उठाए गए अच्छे कदमों की तारीफ करनी चाहिए। श्रीनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि यहां तो नशा और ड्रग्स की तस्करी एक महामारी का रूप ले चुका था। लेकिन प्रशासन ने कुछ अच्छे कदम उठाए हैं और उम्मीद कर सकते हैं कि अब हालातों में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर इस बुराई से निपटने के लिए प्रयास करने होंगे।

मीरवाइज उमर फारूक ने कहा, समाज में सुधार



के लिए जरूरी है कि हम सभी लोग तत्काल प्रयास करें। इसी से समाज में बदलाव होगा। नशे की लत से 15 लाख लोग प्रभावित थे। हम सभी को चाहिए कि इस महामारी से निपटने के लिए सामूहिक तौर पर प्रयास करें। मीरवाइज ने कहा कि घाटी में मस्जिदों का बड़ा नेटवर्क है। हम इनके माध्यम से नशे की लत को दूर करने के लिए प्रयास कर सकते हैं। मीरवाइज ने कहा कि मस्जिद कमेटियों को प्रयास करना चाहिए कि कैसे समाज में बदलाव लाया जाए। लोगों को जागरूक किया जाए कि कैसे नशा उनकी स्थिति खराब कर सकता है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को ध्यान देना चाहिए कि कौन उनके पड़ोस में नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जिस तरह से ड्रग्स के तस्करों को अरेस्ट किया है और उनकी संपत्तियां जब्त करने जैसे ऐक्शन लिए हैं।

# सीएम स्टालिन ने भूस्खलन में मारे गए सात लोगों के लिए 5 लाख रुपये की मुआवजे की घोषणा की

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु के कई जिलों में चक्रवात फेंगल के कहर के बीच मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तिरुवन्नामलाई जिले में भारी बारिश के कारण भूस्खलन में जान गंवाने वाले सात लोगों के परिवारों के लिए 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मैं इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता हूं और आदेश दिया है कि मृतकों के प्रत्येक परिवार को मुख्यमंत्री सामान्य राहत कोष से 5-5 लाख रुपये प्रदान किए जाएं. यह तिरुवन्नामलाई में भूस्खलन में पांच बच्चों सहित सात लोगों के जमीन के नीचे दबने के बाद आया है. प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मृतकों की पहचान राजकुमार और उनकी पत्नी मीना (27) के रूप में हुई है. परिवार वीओसी नगर में 11वीं स्ट्रीट पर रहता था. घटना दोपहर करीब 4-00 बजे हुई जब राजकुमार को पता चला कि उनके घर पर एक पेड़ गिर गया है. विज्ञप्ति में कहा गया है कि पहाड़ से एक बड़ी चट्टान लुढ़क कर उनके घर के ऊपर गिरी, साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को घटना की जानकारी दी गई और 39 जवान बचाव अभियान में लगे. सीएम स्टालिन ने कहा है कि चक्रवात फेंगल ने तमिलनाडु



के 14 जिलों में अभूतपूर्व तबाही मचाई है, जिससे 1.5 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से तुरंत 2000 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह किया है. ताकि बहाली और पुनर्वास कार्य किया जा सके. उन्होंने केंद्र से नुकसान का व्यापक आकलन करने के लिए एक केंद्रीय टीम नियुक्त करने का भी आग्रह किया. उन्होंने कहा कि चक्रवात ने 2.11 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को जलमग्न कर दिया. राज्य में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है. स्टालिन ने एक्स पर लिखा कि चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु के 14 जिलों में अभूतपूर्व तबाही मचाई है, जिससे 1.5 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं, 2.11 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो गई है और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है. विनाश की भयावहता को देखते हुए, मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आपातकालीन बहाली और पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए एनडीआरएफ से तुरंत 2000 करोड़ रुपये जारी करने का आग्रह करता हूं. चक्रवात के बाद के प्रभावों से तमिलनाडु के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की भी उम्मीद है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तरी आंतरिक तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक सहित दक्षिण भारत के कई हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. आईएमडी के अनुसार, कम दबाव का क्षेत्र 3 दिसंबर के आसपास उत्तरी केरल-कर्नाटक तटों से दक्षिण-पूर्व और उससे सटे पूर्व-मध्य अरब सागर में उभरने की संभावना है।

लोक स्वास्थ यांत्रकीय विभाग पीएचई में बड़ा घोटाला

# स्कूल, आंगनवाड़ियों मे बिना जल सप्लाई के शासकीय राशि में किया भारी फर्जीवाड़ा





**पन्ना।** पन्ना जिल में लोक स्वास्थ यंत्रीकीय विभाग में पदस्थ कार्य पालन यंत्री महेन्द्र सिंह विगत पांच वर्ष से पन्ना में जमें हुए है तथा लगातार नल जल योजना, जल जीवन मिशन में भारी फर्जीवाड़ा लगातार कर रहें है, उसके बावजूद संबंधित के खिलाफ कोई कार्यवाहीं नही की जा रही है। आंगनवाड़ी तथा स्कूलो में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ो रूपये की राशि सरकार द्वारा विभाग को आवंटित की गई थी। लेकिन विभाग के अधिकारी, कर्मचारीयों नें मिलकर मनमाने ढंग से मोटर पंप तथा नल फिटिंग करवाई गई, एवं शिक्षा विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग को हैन्ड ओवर करके फर्जीवाड़ा किया गया है। कार्यक्रम अंतर्गत जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों को विद्यालय में ही शुद्ध पेयजल की सुविधा हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से शासन द्वारा करोड़ों का बजट स्वीकृत किया गया था जिसे ठेकेदार द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मिलकर ठिकाने लगा दिया गया, नतीजा करोड़ों की शासकीय राशि खर्च होने के बावजूद किसी भी शासकीय विद्यालय या आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल की सुविधा शुरू नहीं हो सकी, बोर, समर्शिबल, टंकी और नल फिटिंग के नाम की करोड़ों की राशि कागजी खानापूर्ति के माध्यम से ठिकाने लगा दी गई। जिसके चलते करोड़ों की राशि खर्च होने के बावजूद मासूम बच्चों को अपनी प्यास बुझाने के लिए स्कूल के बाहर जाना पड़ता है। पेयजल व्यवस्था के नाम पर डबल घोटाला सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था हेतु जहां बोर करवाए गए हैं वहां 200 फीट बोर करवा कर 400 फीट का बिल बनवाया गया है। लेकिन अधिकांश स्कूलों में बोर करवाने के बजाय पूर्व में लगे हेंडपंपों के बोर को नया बोर दर्शा दिया गया है। शायद ही कहीं सबमर्सिबल डाला गया हो, पाइपलाइन की अधूरी फिटिंग की गई टंकी केवल शोपीस के लिए रखी गई, कुल मिलाकर केवल फोटोग्राफी के लिए औपचारिकता निभाई गई और फर्जी तरीके से भुगतान करवा लिया गया, इस प्रकार स्कूलों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर दोहरा भ्रष्टाचार किया गया है। विद्यालयों के शौचालय बने शोपीस इसी प्रकार के हाल शौचालयों के बताए जा रहे हैं शायद ही किसी स्कूल में शौचालय और प्रसाधन चालू हो, अधिकांश स्कूलों के शौचालय एवं प्रसाधन जर्जर होने के चलते उनमें ताले लटक रहे हैं। जिसके चलते बच्चों को स्कूल के आसपास की झाड़ियों में लघुशंका एवं शौच के लिए जाना पड़ता है। विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश विद्यालय गांव से बाहर खेतों एवं जंगलों से लगे हुए क्षेत्र में होते हैं जहां हिंसक वन्य प्राणियों, आवारा पशुओं और वाहनों से दुर्घटना का खतरा बना रहता है लेकिन स्कूलों में शौचालयों की जर्जर हालत एवं उनमें ताला लगे होने एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों को खतरों का खिलाड़ी बनना पड़ रहा है। पन्ना जिले के शिक्षा के मंदिरों में इस प्रकार के हालात एवं व्याप्त भ्रष्टाचार को जिले के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अनदेखा एवं अनसुना कर रहे हैं जिससे सुधार के बजाय हालात और भी बिगड़ रहे हैं।

## इनका कहना है

*हमारे विभाग की जिम्मेदारी बोर में मोटर डाल कर विद्यालयों में पानी की टंकी लगाना और नल फिटिंग करवा कर पानी की सुविधा करवाने की थी जो करवा कर विद्यालयों को सौंप दिया गया है। अब मेंटेंनेंस की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग की है। अगर किसी विद्यालय में पेयजल सुविधा घुरु नहीं हुई तो उसके बारे में जानकारी मिलने पर निरीक्षण करवा कर आगे की कार्यवाही करवाई जाएगी।*

**महेन्द्र सिंह कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**

*जल जीवन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा शासकीय विद्यालयों में नल से जल पहुंचाने के लिए कार्य किया गया है यदि इसमें कोई गड़बड़ी हुई है तो डीसीपी को ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सुधार कार्य करवाना चाहिए, अगर डीपीसी ध्यान नहीं दे रहे तो डीईओ या सीईओ को अवगत करवाना होगा आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है मैं इस बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क करूंगा।*

**डॉ मनीष वर्मा संयुक्त**
**संचालक लोक शिक्षण सागर**
**संभाग**

## तेज रफ्तार मोटर साईकिल अनियंत्रित हो कर गड्ढे मे गिरी दो की मौत, एक गंभीर

**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत, बृजपुर पहाड़ीखेड़ा रोड़, नवोदय विद्यालय के पास तेज़ रफ़्तार मोटर साईकिल अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे गड्ढे मे जा गिरी, जिसमें तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये। जिसकी सूचना तीसरे व्यक्ति द्वारा अपने परिजनों को दी गई। परिजन परिचितो के साथ घटना स्थल पर जा पंहुचे, रात्रि का समय होने के चलतें जिला अस्पताल विलंब से पंहुचने के कारण दो की मौत हो गई तथा एक बुरी तरह घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार गजना धरमपुर निवासी अखिलेश आदिवासी पिता बलधारी, रमजाने आदिवासी, संदीप आदिवासी तीनो मोटर साईकिल पर सवार थें तथा अपने गांव आ रहें थे। उसी दौरान उक्त घटना घटित हुई। जिसमें ईलाज के दौरान अखिलेश आदिवासी तथा रमजाने आदिवासी की जिला चिकित्सालय में मौत हो गई तथा संदीप आदिवासी की हालत गंभीर है। फिलहाल पुलिस नें मर्ग कायम कर पोस्ट मार्टम कराकर दोनो म्रतको के शव परिजनों को सौप दिये तथा घायल का ईलाज चल रहा है।

## छह साल में नहीं हो पाया छत्रसाल स्टेडियम का निर्माण

तीन करोड़ सत्तर लाख की राशि की गई थी स्वीकृत





**पन्ना।** पन्ना नगर के सबसे प्राचीन खेल मैदान छत्रसाल स्टेडियम नजर बाग का निर्माण कराये जाने के संबंध में विगत छह वर्ष पूर्व राशि स्वीकृत की गई थी, तथा तत्काल स्टेडियम निर्माण के लिए आधार शिला रखी गई थी, एवं उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव वीपी सिंह सहित अनेक जन प्रतिनिधि शामिल हुए थें। स्टेडियम निर्माण की जिम्मेवारी नगर पालिका पन्ना को दी गई थी। जिसमें नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को कार्य कराने की सभी औपचारिकताए पूरी की गई थी। लेकिन उक्त निर्माण कार्य कछुआ गति से प्रारंभ हुआ, जो आज भी कछुआ गति से ही चल रहा है तथा अभी तक दस प्रतिशत कार्य भी नहीं हो पाया है, स्थानीय खिलाड़ियों में स्टेडियम निर्माण न होने से निराशा का वातावरण बना हुआ है। आखिर इस प्रकार से कैसे निर्माण कार्य पूर्ण होगें तथा स्टेडियम निर्माण न होने से खेल गतिविधियां भी प्रभावित हो रहीं है। क्योकि अन्य खेल मैदान विभिन्न खेलो के हिसाब से अनुकूल नहीं है, स्टेडियम के पास बनाये जा रहें भवन का भी आधा अधुरा निर्माण कार्य पड़ा हुआ है, वह भी पूर्ण नहीं हो पाया है, अभी कुछ दिन पूर्व नगर पालिका द्वारा संबंधित ठेकेदार का कार्य निरस्त करते हुए कार्य से विलग कर दिया गया है। आंगे देखना है, कब तक फिर से नया ठेकेदार बनाकर कार्य प्रारंभ कराया जायेगा। लेकिन जिस प्रकार से जिले में निर्माण कार्य हो रहें है। इससे शासन तथा आम जनता के पैसे का भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय आम नागरिको तथा खिलाड़ियों ने छत्रसाल स्टेडियम का निर्माण जल्द कराये जाने की मांग की है।

## जिला पंचायत में पदस्थ मनरेगा के परियोजना अधिकारी को हटाये जाने को लेकर जिले के दो विधायक आमने सामने

**पन्ना।** जिला पंचायत पन्ना में मनरेगा परियोजना अधिकारी के पद पर पदस्थ संजय सिंह परिहार को हटाये जाने को लेकर लगातार चर्चाए जारो पर है तथा उक्त मामले में जिले के दो विधायक आमने सामने आ गयें है। सुत्रो द्वारा बताया जा रहा है कि इसी लिए सागर कमिश्नर द्वारा विगत 18 नवम्बर को किये गये आदेश का अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है और न ही संजय सिंह को हटाया गया है, और न ही उनके स्थान पर किसी अन्य को पदस्थ किया गया है। जिससे चर्चाओं का बाजार लगातार गर्म है। क्योकि दिनांक 18 नवम्बर 2024 आदेश क्रमांक 2269 कमिश्नर सागर संभाग वीरेन्द्र सिंह



रावत द्वारा आदेश जारी किया गया था कि परियोजना अधिकारी मनरेगा के पद पर पदस्थ संजय सिंह परिहार के विरूद्ध निरन्तर शिकायते प्राप्त हो रही है, अतएव श्री परिहार के विरूद्ध प्राप्त शिकायतो के परिपेक्ष में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा को परियोजना अधिकारी जिला पंचायत पन्ना के अतिरिक्त प्रभार से प्रथक करते हुए कार्यालीयन आदेश क्रमांक 22/4 जावक, दिनांक 05 जनवरी 2022 निरस्त किया जाता है। लेकिन कमिश्नर द्वारा दिये गये उक्त आदेश का क्रियान्वयन पन्द्रह दिवस बीत जाने के बावजूद भी नहीं हुआ है। जिसको लेकर जिले भर में चर्चाए व्याप्त है कि उक्त मामला जिले के दो विधायकों के बीच फसा हुआ है। एक विधायक श्री परिहार को हटाना चाहता है तथा दूसरा विधायक उन्हे उसी पद पर रखना चाहता है, इस लिए जिले के अधिकारी कोई भी निर्णय नहीं ले पा रहें है।

## वारदाना न होने के चलते अनेक तौलाई केन्द्र नहीं हुए प्रारंभ, किसान हुए परेशान

**पन्ना।** गुनौर तहसील अन्तर्गत सलेहा कस्वा में कल्दा के नाम से तुलाई केन्द्र बनाया गया है। लेकिन समिति प्रबंधक कल्ला द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि तोलाई केंद्र आज से प्रारंभ होने के निर्देश सरकार द्वारा दिये गये थें। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा हमें तोलाई करने के लिए बारदाना उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे आज तोलाई बंद रही। साथ ही धान की गुणवत्ता तय करने के लिए सर्वेयर भी नियुक्त नहीं किया गया है। संबंधित समिति प्रबंधक ने कहा कि जब बारदाना आ जाएगा और सरवेयर गुणवत्ता चेक करने के लिए आएंगे तब से तुलाई केंद्र में प्रारंभ होगी ठंड के लिए हमने लकड़ी का प्रबंध किया है एवं पेयजल की भी व्यवस्था की गई है।

# जेके सीमेंट कंपनी के डम्फर से एक और गरीब की मौत

सैकड़ो लोग समा गये काल के गाल में

**पन्ना**

पन्ना जिले के सिमरिया अमानगंज तहसील के अन्तर्गत हरदुआ पुरैना मे संचालित जेके सीमेंट कंपनी से जहां स्थानीय लोगो का कोई भला नहीं हुआ, लेकिन उक्त कंपनी की लापरवाहीं से सैकड़ो लोग काल के गाल में समा गयें है। दिन रात सैकड़ो सीमेंट एवं क्लीकिंर से भरें बड़े वाले डम्फर तथा ट्राला धमा चौकड़ी मचाते रहते है। अमानगंज दमोह, रोड़ पर लोगो का चलना मुश्किल हो गया है। आये दिन उक्त डम्फरो द्वारा सड़क पर चलने वालो को बेरहमी से कुचल दिया जा रहा है। इसी प्रकार का हादसा बीति रात्रि एक दिसम्बर को घटित हुआ। जिसमें तिघरा गांव के पास ग्राम लुधनी निवासी मजदूर मस्तराम पिता रूब्बन मेहतर उम्र 28 वर्ष अपने गांव लुधनी जा रहा था, जिसें जेके सीमेंट कंपनी के कैप्शुल ट्रक द्वारा टक्कर मारकर मौत की नींन्द में सुला दिया। डम्फर क्रमांक एमपी 34 जेड ऐ 8342 के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक डम्फर चलाते हुए मोटर साईकिल चालक गरीब मजदूर को बुरी तरह कुचल दिया, जिसकी उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्राला का नम्बर तथा सभी प्रकार की जानकारी होने के बावजूद सिमरिया थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात के खिलाफ मामला बनाया गया है। क्योकि सिमरिया तथा अमानगंज की पुलिस जेके सीमेंट कंपनी को बिची हुई है तथा उनके द्वारा जेके सीमेंट कंपनी से अमानगंज तथा सिमरिया थाना प्रभारीयों द्वारा प्रत्येक माह मोटा कमीशन वसूला जाता है, इसी लिए उक्त दोनो थानो की पुलिस कंपनी वाहन चालको तथा संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही नहीं करती है।

## ग्राम गड़ैल्या पुरवा में सड़क बनाये जाने की मांग

**पन्ना।** पन्ना विधानसभा क्षेत्र के अजयगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा भापतपुर के ग्राम गड़ैल्य पुरवा में सड़क ना होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो द्वारा सड़क बनाये जाने की लगातार मांग की जा रही है। लेकिन सात दशक बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। विधानसभा चुनाव के समय क्षेत्रीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह नें सड़क बनाये जाने का आस्वासन दिया था। लेकिन आज दिनांक तक उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया। जिससे स्थानीय लोगो में आक्रोश का माहोल देखा जा रहा है। ग्रामीणो नें बताया कि सड़क न होने से हम लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्षात के समय कोई बीमार हो जाता है तो उसे दो किलो मीटर चारपाई मे रखकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।

# डॉक्टर डीके गुप्ता सहित तीन लोग हुए सेवा निवृत्त

**पन्ना।** गत 30 नवम्बर को जिले के तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हुए है। जो अपनी सेवा नोकरी पूरी करके सेवानिवृत्त हो गयें है। उनमें जिला चिकित्सालय मे पदस्थ डॉक्टर डी के गुप्ता सेवानिवृत्त हुए है, उन्हे सिविल सर्जन सहित जिला अस्पताल के डॉक्टरो, अन्य कर्मचारीयों, नर्सिंग स्टाप सभी नें सेवा निवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी।

इसी के साथ मछली पालन मत्सय उद्योग विभाग के सहायक संचालक रहें बीके सक्सेना भी सेवानिवृत्त हो गयें है। उन्हे विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों ने भावभीनी विदाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री सक्सेना मछली पालन विभाग मे लगभग सात वर्ष तक पन्ना में पदस्थ रहें है। इसके अलावा दूरदर्शन विभाग में पदस्थ रहें दीपक उपाध्याय भी तीस नवम्बर को सेवानिवृत्त हो गयें है। श्री उपाध्याय को विभाग के अधिकारी कर्मचारीयों ने सेवा निवृत्त होने पर भावभीनी विदाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री उपाध्याय मिलनसार, मृदुभाषी तथा अपने कार्य के प्रति लगनशील रहें है। उन्होने विभाग में 36 वर्ष की सेवाए दी है।

# श्यामगिरि पहुंचे कलेक्टर, मुर्गीपालन गतिविधि से जुड़ी महिलाओं से किया संवाद

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने शनिवार को पवई क्षेत्र अंतर्गत श्यामगिरि एवं कल्दा पहुंचकर आजीविका की नवीन गतिविधियों से जुड़ी आदिवासी वर्ग की महिलाओं से संवाद किया और सामूहिक रूप से मुर्गीपालन के जरिए आर्थिक रूप से सशक्त बनने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने की प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि परंपरागत जीविकोपार्जन के स्थान पर महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से संगठित होकर बेहतर रूप से प्रतिमाह निश्चित आय प्राप्त करना और परिवार व समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास निश्चित ही सराहनीय है। जिला कलेक्टर ने शासन की योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव के बारे में जानकारी भी ली तथा श्यामगिरी मुर्गीपालन कंपनी की वार्षिक बैठक में भी शामिल होकर महिलाओं का सम्मान किया। मुर्गीपालन के टीन शेड का अवलोकन कर अन्य व्यवस्थाएं भी देखी तथा उत्पादों के स्थानीय एवं बाहर के बाजार में विक्रय व सामग्री आपूर्ति व्यवस्था के बारे में पूछा। अन्य ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया। स्थानीयजनों से ग्राम में स्थित स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व ग्राम पंचायत कार्यालय की सेवाओं और खाद्यान्न वितरण के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित एसडीएम श्रुति अग्रवाल, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश कलेक्टर ने पवई में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## भालू के हमला से आदिवासी युवक बुरी तरह घायल, जिला अस्पताल में चल रहा ईलाज

**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अन्तर्गत रहुनिया गुजार के पास स्थित गुड़हा ग्राम निवासी पट्टू आदिवासी पिता पिन्नू आदिवासी उम्र 40 वर्ष जंगल मे लकड़ी बीनने गया हुआ था, उसी दौरान जंगली भालू द्वारा पट्टू आदिवासी के उपर हमला कर दिया है। पट्टू द्वारा आस पास के लोगो आवाज लगाई गई तथा खुद भी भालू से संघर्ष करता रहा, बड़ी मुश्किल के बाद घायल अवस्था मे छोड़ा गया। इसके बाद आस पास के लोग भी आ गये तथा परिजनों को सूचना दी गई। घायल को बीट गार्ड द्वारा अपने वाहन से जिला अस्पताल पंहुचाया गया। जहां पर उसका ईलाज चल रहा है। वन विभाग द्वारा अभी पीड़ित को सिर्फ एक हजार रूपये की सहायता राशि दी गई है।

## श्री नटके हनुमान मंदिर के सामने भागवत कथा सात दिसम्बर से प्रारंभ



**पन्ना।** नगर के आगरा मोहल्ला स्थित श्री नटके हनुमान जी मंदिर के सामने रैकवार परिवार द्वारा कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कथा सात दिसम्बर से प्रारंभ होगी। तथा कलश यात्रा के साथ बैठकी संपन्न होगी। आठ दिसम्बर को कपिल प्रसंग ध्रुव चरित्र नौ दिसम्बर को भरत चरित्र नरसिंह अवतार, दस दिसम्बर को बावन अवतार, श्रीराम तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, ग्यारह दिसम्बर को श्री कृष्ण लीला गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, बारह दिसम्बर को श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह, तेरह दिसम्बर को सुदामा चरित्र की कथा तथा चौदह दिसम्बर को भंडारा संपन्न होगा। कथा का वाचन पंडित राजेश शास्त्री द्वारा किया जायेगा, कथा प्रवचन दोपहर तीन बजे से रात्रि तक संपन्न होगी। कथा आयोजक तीरथ रैकवार, धीरज रैकवार, नीरज रैकवार तथा उनकी माता श्रीमती पार्वती रैकवार द्वारा की जा रही है। उन्होने सभी से कथा मे उपस्थित हो कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## बोलेरो से आए युवकों ने पार्किंग मैनेजर को पीटा

**सतना।** रेलवे स्टेशन की पार्किंग में रविवार दोपहर को चार पहिया वाहन से आए गुंडों ने जमकर तांडव करते हुए पार्किंग मैनेजर समेत कर्मचारियों की बेदम पिटाई कर दी। इस घटना की रिपोर्ट कर जीआरपी जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि दोपहर लगभग 1 बजे पार्किंग मैनेजर दयाराम पुत्र रामाधार दाहिया 45 वर्ष, निवासी पतेरी थाना सिविल लाइन, अपने कर्मचारियों के साथ ड्यूटी पर था। इसी दौरान वीआईपी पार्किंग में किसी प्राइवेट कंपनी का डिलेवरी ब्वॉय सामान पहुंचाने के बाद बाइक लेकर जाने लगा तो कर्मचारियों ने पार्किंग शुल्क मांग लिया, इसी बात पर विवाद शुरू हो गया, जिसमें किसी पार्किंग कर्मी ने उसे तमाचा जड़ दिया।

# उमरी से दिनदहाड़े 4 भैंस चुरा ले गए बदमाश

**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत उमरी से दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश 4 दुधारू भैंसों को हांक ले गए, जिसकी शिकायत पुलिस में की गई, मगर चोरी का अपराध नहीं दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि रामजी यादव पुत्र स्वर्गीय साधु लाल निवासी वार्ड-2 उमरी, ने घर में ही 4 भैंसें पाल रखी थी। बीते 24 नवंबर की दोपहर को उन्होंने भैंसों को घर के पास चरने के लिए छोड़ दिया, मगर जब दोपहर 2 बजे देखने पहुंचे तो मवेशी गायब थे। मोहल्ले में काफी तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला, ऐसे में पशुपालक ने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर शहर भर में खोजबीन शुरू कर दी।

अंततः महदेवा में प्राइवेट स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में 3 लोग उसकी भैंसों को हांककर ले जाते दिखे, जिनमें से दो लोगों को पहचान भी लिया। तब रामजी ने वीडियो रिकार्डिंग प्राप्त कर सिविल लाइन थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, लेकिन चोरी की कायमी के बजाय गुमशुदगी दर्ज की गई। इतना ही नहीं पुलिस भैंसों को खोजने में भी रुचि नहीं दिखा रही है।

# अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने वाले आरोपियों को बारह वर्ष का कारावास, ढाई लाख रूपये का जुर्माना

**पन्ना।** अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने वाले आरोपीगण को बारह बारह वर्ष का कठोर कारावास से दणित किया गया है तथा ढाई लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। उक्त सजा माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय द्वारा दी गई है। उक्त मामले के संबंध में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.08.2021 को निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने थाना पवई में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख किया कि दिनांक 06.08.2021 को थाना पर मुखबिर द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा को सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से अवैध परिवहन करने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। इसी के आधार पर पुलिस द्वारा घटना स्थल पंहुचकर सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक-सी.जी.04 एच.बी.5363 होने तथा उसमें मुखबिर के बताये अनुसार हुलिया के उक्त वाहन चालक एवं अन्य एक व्यक्ति बैठे मिलने पर उनका नाम पता पूछा गया जो चालक ने अपना नाम ओमप्रकाश अनुरागी पिता मैयादीन अनुरागी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बारीगढ थाना जुझारनगर जिला छतरुपर तथा उक्त वाहन में पीछे की सीट पर बैठा एक व्यक्ति से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम नाथूराम पटेल उर्फ नत्थू पटेल पिता भाउ प्रताप पटेल जाति कुर्मी पता जरेला पुरवा पोस्ट हानूखेडा थाना गौरिहार जिला छतरपुर म.प्र. बताया। उपरोक्त दोनों संदेहियों की जामा तलाशी ली गई तथा उपरोक्त संदेहियों द्वारा उपयोग की जा रही स्विफ्ट डिजायर कार में पीछे की सीट और डिग्गी के बीच एक लोहे की प्लेट लगे होना तथा उक्त जगह पर मादक पदार्थ गांजा की पॉलीथीन में रखे विधिवत् बंद पैकेट दिखाई दिये। उक्त स्विफ्ट कार में कुल 45 बडे पैकेट एवं 07 छोटे पैकेट प्लास्टिक की पॉलीथीन में टेप से विधिवत् बंद हालत में मिले, जिन्हे उपरोक्त मौके पर समक्ष गवाहान उक्त पैकेटों को खुलवाकर देखा जो मादक पदार्थ गांजा होने की पुष्टि हुई। जिसमें गांजा 48 किलो 590 ग्राम कीमती करीबन 9,71,800/- रूपये का पाया गया उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही उपरांत थाना पवई में अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियुक्तगण नाथूराम पटेल एवं ओमप्रकाश अनुरागी के विरूद्ध अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपीगण नाथूराम उर्फ नत्थू पटेल, ओमप्रकाश अनुरागी को धारा-8/20(बी)(पप)(सी) एनडीपीएस एक्ट में 12-12 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1,25,000 रूपए-1,25,000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 04 दिसम्बर 2024



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## जनसुनवाई में 88 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**रीवा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 88 प्रकरणों की सुनवाई की गई। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया।



कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में ऊषा मिश्रा रीवा वार्ड क्रमांक 12 निवासी ने नाली व रोड निर्माण कराये जाने हेतु आवेदन किया जिसे आयुक्त नगर निगम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार गौहन जवा निवासी प्रमिला सिंह के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, मनिगवां निवासी बालमीक मिश्रा ने कृषि भूमि से बेदखली करने तथा बिछिया रीवा निवासी सायदा वेगम के आराजी को अन्य से मुक्त कराने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। छिजवार के नागरिकों ने शासकीय भूमि में स्थापित हैण्डपंप को मुक्त कराने तथा कनौजा के ग्रामीणों के अनुसूचित जाति बस्ती के शमशान से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में मोहनलाल यादव डभौरा ने जमीन का नक्शा तरमीम व सीमांकन कराने, मड़वा निवासी गुलाब पटले एवं लालबहादुर कुशवाहा महेबा शंकरपुर ने सीमांकन कराने एवं गोमती प्रसाद तिवारी बड़ोखर सिरमौर ने खसरा सुधार का आवेदन दिया जिन्हें संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। लालराम कुशवाहा बरौ नक्शा सुधार के आवेदन व रजहा बेलवावड़गैयान के रामकृपाल पटेल के फसल के अति की मुआवजा राशि प्रदान करने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया जबकि करहिया वार्ड क्रमांक 5 निवासी भागवत प्रसाद त्रिपाठी के नाली निर्माण के आवेदन को जनपद सीईओ रीवा एवं गोरगांव रायपुर कर्चुलियान निवासी रामगोपाल पटेल के अतिग्रस्त मकान की सहायता राशि दिलाने के आवेदनों को संबंधित समक्ष अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब का किया निरीक्षण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने रीवा प्रवास के दौरान झलबदरी तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा तालाब में व आसपास स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने ढेकहा तिराहे से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ढेकहा तिराहे से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य की बाधाओं को राजस्व विभाग के समन्वय से दूर करते हुए प्रारंभ कराएं तथा निश्चित मानक के अनुसार पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के जो कार्य पूर्ण हो रहे हैं उनका लोकार्पण कराएं तथा अपूर्ण कार्यों को गति देते हुए पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, राजेश पाण्डेय सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



## दिव्यांगजनों को दी गयी मोटराइज्ड ट्राइसकिल एवं लैपटॉप

**रीवा।** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा मुख्यमंत्री निश्शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत सोहागी निवासी चन्द्रशेखर पाण्डेय को मोटराइज्ड ट्राइसकिल प्रदान की गई जब सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विद्यासागर साकेत को लैपटॉप प्रदान किये गये। इस अवसर पर चेयरमैन भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सालय में कंबल, गर्म पानी व चप्पल का किया वितरण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी चिकित्सालय आउटडोर में सावन कृपाल रोहणी मिशन के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम में मरीजों एवं उनके परिजनों को कंबल, गर्म पानी तथा चप्पल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा मरीजों व उनके परिजनों के लिए सामग्री वितरण का पुनीत कार्य किया गया है। इसके लिए वह प्रसंशा के प्रात्र हैं। कार्यक्रम के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल के चिकित्सकों के लिए निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया तथा निर्माण एजेंसी को कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश दिए।

## संभाग में 5170 खराब ट्रांसफार्मर बदलकर नए लगाए गए

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में आजीविका का मुख्य आधार खेती है। वर्तमान समय में धान की कटाई और गहाई के साथ गेंहू और चने की बुवाई का कार्य चल रहा है। खेतों में पलेवा देने और सिंचाई के लिए बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को सिंचाई के लिए 7 से 10 घंटे तक बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बिजली की नियमित आपूर्ति बनाए रखने के लिए खराब ट्रांसफार्मर लगातार बदले जा रहे हैं। रीवा संभाग के सभी जिलों में एक अप्रैल से 30 नवम्बर तक 5170 खराब ट्रांसफार्मर बदलकर उनके स्थान पर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं।



इस संबंध में मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी आईके त्रिपाठी ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 62263 ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। इनमें से रीवा जिले में 21251, मऊगंज में 4786, सतना में 18045, मैहर में 4458, सीधी में 6543 तथा सिंगरौली जिले में 7180 ट्रांसफार्मर स्थापित हैं। अप्रैल माह से 30 नवम्बर तक रीवा जिले में 1557, मऊगंज में 392, सतना में 1794, मैहर में 457, सीधी में 483 तथा सिंगरौली जिले में 487 खराब ट्रांसफार्मर बदलकर इनके स्थान पर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। अभी 164 ट्रांसफार्मर बदलने के लिए शेष हैं। इनमें लंबित बिलों की 10 प्रतिशत न्यूनतम राशि जमा कराकर ट्रांसफार्मर बदले जा रहे हैं।

श्री त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्रीय स्टोर सतना में 1233 ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। सीधी जिले में अतिरिक्त स्टोर बनाकर सीधी और सिंगरौली को ट्रांसफार्मर दिए जाते हैं। संभाग के सभी जिलों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं। खराब ट्रांसफार्मर तीन दिन की समय सीमा में बदलने का प्रयास किया जाता है। कई स्थानों में खेतों में फसल होने अथवा सिंचाई के कारण वाहन ट्रांसफार्मर तक न पहुंच पाने के कारण ट्रांसफार्मर बदलने में एक सप्ताह या उससे अधिक समय लग रहा है। बिजली बिलों में सुधार के लिए सभी विद्युत वितरण केन्द्रों में हर माह शिविर लगाए जा रहे हैं। विद्युत वितरण संबंधी जो शिकायतें सीएम हेल्पलाइन 181 तथा विभागीय हेल्पलाइन 1912 पर दर्ज हो रही हैं उनका भी तत्परता से निराकरण किया जा रहा है।

## अमानक बीज पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** बीज रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जिले के बीज विक्रेताओं को अमानक बीज विक्रय करते हुये पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय श्री राम बीज भण्डार लक्ष्मणपुर द्वारा गेंहू जीडब्ल्यू 322 टी/एल, श्री ट्रेडर्स बहेरा नईगढ़ी द्वारा गेंहू जी डब्ल्यू 273 सी/एस, मोतीलाल पटेल कृषि सेवा केन्द्र हनुमना द्वारा सरसों काला सोना टी/एल, अंकुश बीज भण्डार रीवा रोड हनुमना द्वारा गेंहू 3225 टी/एल, संदीप ट्रेडर्स मऊगंज द्वारा गेंहू लोकवन टी/एल, माँ वैभव खाद बीज कीटनाशक भण्डार मऊगंज द्वारा सरसों व्हीएनआर-509 टी/एल निरीक्षण के दौरान अमानक पाये जाने पर उप संचालक द्वारा संबंधितों का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसी प्रकार ओम बीज भण्डार द्वारा विक्रय किये जा रहे जिंकेट एसएसपी पाउडर उर्वरक अमानक पाये जाने पर विक्रय प्रतिबंधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## कमिश्नर मनगवां, मऊगंज, देवतालाब और हनुमना में लेंगे राजस्व अभियान का जायजा

**रीवा।** संभाग के सभी जिलों में 15 नवम्बर से राजस्व महाअभियान 3.0 चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विशेष ग्राम सभाओं और राजस्व शिविरों का आयोजन करके राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 4 दिसम्बर को रीवा जिले की मनगवां तथा मऊगंज जिले की देवतालाब, मऊगंज एवं हनुमना तहसील का दौरा करेंगे।

## वीरखाम में जन समस्या निवारण शिविर 20 दिसम्बर को

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार आमजनता के आवेदन पत्रों का मौके पर निराकरण करने एवं शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में विकासखण्ड सिरमौर के ग्राम पंचायत वीरखाम में 20 दिसम्बर को शिविर आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डा. सौरभ सोनवणे ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिरमौर को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। विकासखण्ड सिरमौर के परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया गया है। शिविर में जन समस्याओं के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए विभिन्न विभागों को सहयोगी विभाग के रूप में शामिल किया गया। प्रभारी कलेक्टर ने अधिकारियों को वृहद स्तर पर शिविर सुनिश्चित करने तथा समस्याओं के निराकरण का प्रतिवेदन देने के निर्देश दिये हैं।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे अनुग्रह सहायता राशि का वितरण

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल से 4 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण करेंगे। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में जाएगी। हितलाभ वितरण का सजीव प्रसारण प्रदेश भर में किया जाएगा। उप सचिव श्रम विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक नगरीय निकाय तथा जनपद पंचायत के 20 हितग्राहियों की उपस्थिति एनआईसी केन्द्रों में सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में सांसद तथा विधायकगणों और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के साथ ही सभी संबंधित अधिकारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन संपन्न

**रीवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग के तत्वाधान में शासकीय श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला की उपस्थिति में जिले की विभिन्न निश्शक्त संस्थाओं के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम 85, द्वितीय 85 एवं तृतीय 85 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर श्री अभय मिश्रा, जिला विधिक सेवा अधिकारी श्रीमती अर्चना मिश्रा, अमित लाल मिश्रा संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल कुमार दुबे, यूपी मिश्रा, अधीक्षक शासकीय श्रवण एवं दृष्टि बाधितार्थ उ.मा.वि. डी.के. वर्मा, अधीक्षक, मानसिक रूप से अविकसित बच्चों का गृह राम उदय तिवारी, प्राचार्य, नेत्रहीन विकलांग महाविद्यालय राम सेवक साहू, प्राचार्य स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक बधिर विद्यालय तथा प्राचार्य राजरानी सेवा संस्थान रीवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुभाष कुमार शर्मा द्वारा किया गया। राकेश मिश्रा, आरएस विश्वकर्मा, एलपी मिश्रा, दीपशिखा बक्शी, जेपी श्रीवास्तव एवं बसंत लाल कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।



## कमिश्नर ने जवा और त्योंथर में लिया राजस्व अभियान का जायजा

### कमिश्नर ने लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों की दो-दो वेतन वृद्धियां रोकने के दिए निर्देश

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व महाभियान के तीसरे चरण का रीवा जिले की जवा और त्योंथर तहसील में जायजा लिया। कमिश्नर ने तहसीलदार तथा एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने लंबित प्रकरणों की फाइलों का निरीक्षण किया। नामांतरण के प्रकरणों में समय सीमा में इस्तहार जारी न होने पर कमिश्नर ने नाराजगी जाहिर की। प्रकरणों में समय पर पटवारी की रिपोर्ट प्रस्तुत न होने तथा राजस्व अधिकारी द्वारा निर्णय में देरी करने पर कमिश्नर ने नाराजगी जताई। प्रकरणों के संधारण तथा समय पर प्रस्तुत न करने में लापरवाही बरतने पर कमिश्नर ने तहसीलदार जवा के रीडर शशिकांत विश्वकर्मा तथा तहसीलदार त्योंथर के रीडर विज्ञानचंद्र पाण्डेय, सहायक रीडर अनिल त्रिपाठी एवं एसडीएम के रीडर ज्ञानेंद्र साकेत की दो-दो वेतन वृद्धियाँ रोकने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि तहसीलदार और नायब तहसीलदार राजस्व महाभियान को गंभीरता से लें। लंबित प्रकरणों का 13 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। समय सीमा का पालन न करने पर कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जो पटवारी समय पर प्रतिवेदन दर्ज नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए एक दिन के अंतराल से पेशी देकर प्रकरणों का निराकरण करें। नामांतरण बटवारा तथा अभिलेख सुधार की नस्ती में अधिकारी के हस्ताक्षर न होने पर कमिश्नर ने अधिकारियों को फटकार लगाई।



कमिश्नर ने त्योंथर में पटवारी से संवाद करते हुए कहा कि जनहित के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। जनता के मध्य रहकर उनके कार्य करेंगे तो आपको आत्मिक सुख मिलेगा। लंबित प्रकरणों में दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत कर दें। नक्शा तरमीम सीमांकन तथा बंटवारे से संबंधित सभी प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करके प्रकरणों का निराकरण कर किसान सम्मान निधि की ईकेवाईसी तथा आधार सीडिंग के प्रकरण एवं साइबर तहसील के प्रकरण में भी तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करें। राजस्व महाभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में मझलो-टोलों में जाकर बी-1 का वाचन करें तथा वाचन के उपरांत फौती नामांतरण के प्रकरणों को तत्काल तहसील कार्यालय में दर्ज कराकर इनका निराकरण करें। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट तहसीलदार जवा राजेंद्र शुक्ला, तहसीलदार त्योंथर नितेश सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को उनके समाधान कारक निराकरण के लिए निर्देशित किया।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833